So my humble request to all my brothers and sisters is to follow the commands of our Master, our Lord and apply **TILAK** regularly.

Jai Gurudev

Spare the lamb

To whet your appetite and tickle your buds
Why should
A poor lamb be assaulted
Tormented and killed
With eyes full of lust
And watery mouth
The killer hand that does not shake
Just seals the animals fate
A sin it indeed is
But a crime it should be
To nab and immobilize
And cut a lifeline out
We know it can't speak
We know it is weak
By overpowering the helpless
Do we become men?
My dear brother
Nature abounds
In vegetarian treasures
And sinless leisures
Taking a life
Can never make you stronger
Or recover faster
Or live a second longer

Dr Anusheel Munshi

भारतमातृ - संदेशः

The Message Of Bharat Mata.

रचयिता: - डॉ० बी० एन० कल्ला

By : Dr. B.N. Kalla. Shastri

१. अहो! सुन्दरमुद्यानं कुङ्कमपुष्पवासितम्।
वसन्मर्नौ कथं नष्टं झञ्झावातेन सांप्रतम्॥

Alas : how the beautiful garden fragrant with saffron flowers got spoiled in spring by the storm.

२. कीदृशी वाटिका रम्या पुष्पमालाविभूषिता।
अनभ्रवज्रपातेन शोभा ह्यस्या अपाहृता॥

Alas : how the beauty of beautiful garden decorated with the garlands of the flowers suddenly withered due to bolt from the blue.

३. लज्जां वहति वै माता भारतस्य प्रतिष्ठिता।
दृष्टवा् कुकृत्यं लोकानां कुमार्गगामिनां खलु॥

Bharat Mata feels ashamed at the misdeeds of the evil doors.

४. सन्ति मे केचन पुत्रा आतङ्कवादतत्पराः।
निर्दोषान्ते जनान् घ्नन्ति विभिन्नक्षेत्रसंस्थितान्॥

And how some of my sons given to terrorist deeds trouble and torture the innocent in different areas.

५. लक्ष्यहीना दिशाहीना अटन्ति घातकाः सदा।
छवि कुर्वन्ति मलिनां निजकुत्सितकर्मभिः॥

These directionless and aimless assassins are seen roaming about every day and are spoiling their image through their heinous crimes.

६. हिंसक रक्तपातेन दूयते मे मनः सदा।
कुरुध्वं तादृशं कार्यं प्राणिनामार्त्तिनाशनम्॥

My mind is pained by the right of violence and bloodshed, so shun the path of violence and work for the welfare of the mankind.

७. बुद्धाशकयोः सन्देशं साकारं कुरुत सदा।
स्वतंत्रभारत देशं मानवधर्म रक्षके॥

From time immemorial India has been protecting the MANAVA DHARMA (the religion of humanity). Act upon the message of

Lord Buddha and the emperor Ashoka.

८. वादयत पुनः शंखं शान्तिनरदप्रदायकम्।
राष्ट्रस्य हि विकासाय धर्मस्य रक्षणाय च॥

For the development of the nation and the protection of Dharma below the bugle of peace once again.

९. क्वगतो दिव्य सन्देशः, अभयः प्राणदस्तक।
ऋषीणाञ्चैव मुनीनां सज्ज्ञानस्य प्रदायकः॥

Where has gone the divine message of non violence preached by seers and sages who imarted pure knowledge and fearlessness.

१०. प्रज्वालयत चै दीप मद्यान तमहारकम्।
मङ्गलदायकं सर्वं सन्मार्गं दर्शकं खलु॥

Light the candle of knowledge to remove the darkness of ignorance, showing the righteous path to all.

११. ज्योतिरेकं हि सर्वत्र व्यापकं शाश्वतं सदा।
ब्रह्माण्डे माति तज्ज्योति रेकस्य परब्रह्मणः॥

Only the eternal and omnipresent effulgence of Parabrahman– the absolute iluminates the whole cosmos.

१२. दिक्कालाद्यनवक्किन्नमनन्तंममरं तथा।
निर्विकारमनादिव च अलौकिकं स्थिरं सदा॥

That effulgence shines beyond the conditions of time and space. That is infinite immutable eternal and unique.

१३. न निर्वाणंञ्च तद्याति युगे युगे कदाचन।
जगत्प्रलयकालेऽपि सर्वदा वै प्रकाशते॥

That unique effulgence does not extinguish in any epoch. Even on the dooms day it shines every where.

१४. ज्योतिर्नेदंजरूपं नित्यं प्रकाशदायकम्।
चितन्यं शुद्धरुपञ्च ब्रह्मरूपं सदाचलम्॥

It is not unconscious but is always enlightening it is Brahma-rupa, take conciousness and eternal.

१५. शिवरूपं शक्तिरूपं चित्स्वरूपं तथैव च।
प्रकाशविमर्शरूप मानन्दरूपकं सदा॥

That effulgence is shivaropa, shaktiropa, and chitswaropa. That form is Prakasha (consciousness) and Vimarsha (awareness).

१६. भातीदं समरूपं वै सर्वप्राणिबु सर्वदा।
क्रिद्यते नैव शस्त्रेण नक्लेदयति वारिणा॥

This universal effulgence shines always equally among all human beings. Water cannot wet it and weapons cannot cut it.

१७. वातेन कम्पते नेदं बध्यते नैव केनचित्।
अजन्माखण्डरूपञ्च विश्वोत्तीर्णं सदा ननु॥

The wind can not shake it and it can not be bound by any one. It is birthless and indivisible.

१८. अलौकिकमनादिञ्च अन्वाख्यातं महर्षिभिः।
मायातीतं गुणातीतं कालातीतं तथैव च॥

It is said to be unique begning less, (Mayatita) (beyond Maya) Gunatita (beyond the Gunas) and Kalatita (beyond time).

१९. विश्वमयमिदं ज्ञेयं सूक्ष्मरूपं सनानतम्।
नेदं भास्करसदृशं न शीतांशुसमं तथा॥

It pervades the whole universe and the light of the moon and the sun bear no comparison to it. It is subtle and eternal.

२०. मुनिभिः कथितं वाक्यं स्मरणीयं सदा खलु।
इदं वाक्यं महावाक्यं जनकल्याणकारकम्।

This utterance of the wise is worth remembering for ever. The Upanishadik utterance (Mahavakya) is the bestower of good to all.

२१. भेदभावं परित्यज्य समभावं निषेवत।
सद्गतिं समभावेन लभन्ते मानवाः सदा॥

Discard discrimination and practice equality with all. Mortals attain the state of noblity by treating all as equals.

२२. मद्वचः पालनं कुर्यात् यदा हि मानवो भुवि।
समचाप्स्यति स शान्ति नात्र कोऽपि हि संशयः॥

Whenever my advice is followed by a person in this world he will doubtless attain peace.

२३. ब्रह्मरूपमिदं सर्वं विश्वंस्थावरजङ्गमम्।
मानवपुजनं श्रेष्ठं ऋषिभिः परिकीर्तितम्॥

This moveable and immoveable cosmos is the form of Brahman (Ultimate truth). The seers consider the worship of men as supreme.

२४. धर्मस्य लक्षणं प्रोक्तं युगधर्मस्य चालकैः।

अंसा समता प्रीति विश्वबन्धुत्ववर्धिनी।।

The epoch makers have defined Dharma as non–violence equality and amity furthering the universal brotherhood.

२५. अधर्मं धर्ममित्याहु र्जक्त अज्ञानकारणात्।
अन्धकारमयं तेवां जीवनं मर्हितं सदा।।

People out of ignorance consider Adharma (unrighteousness) as Dharma (righteousness). Their life is always condemnable and full of darkness.

२६. धर्माणां मूल तत्त्वेबु न भेदो दृश्यते क्कचित्।
मानवधर्म उत्कृष्टो मुनीनां वचनं यथा।।

There is no difference among the fundamental elements of different Dharmas. Universal Dharma (Manava Dharma) is superior to all according to the wiseor—seers.

२७. तस्मात् सर्वैः प्रयत्नेन कर्तव्यं धर्मपालनम्।
धर्मस्य पालनेनैव विश्वशान्तिर्हि निश्चिता।।

So every one should make efforts in following Dharma. The world - peace can be a chieved only by Dharma (right conception).

२८. परेषां हितलग्नास्तु ते यान्ति परमं पदम्।
तेषां मतेन सर्वत्र 'वसुधैव कुटुम्बकम्।।

They attain the highest position who are engaged inthe welfare of others. They hold the entire universe as their own family.

२९. "उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत"
विवेकानन्द दृष्टि र्हि पालनीया सदा बुधैः।।

Awake : Arise : Donot stop, till the goal is achieved. The wisemen should follow the view of Swami Vivekananda.

३०. सर्वेषु प्राणिषु श्रेष्ठो मानवो हि प्रकीर्तितः।
रचनात्मक कार्याणि करोतु मानवः सदा।।

Man is superior to all living beings. So he should even devote himself in constructive path.

३१. राष्ट्रभक्ता राष्ट्रवीरा राष्ट्रगौरववर्धकाः।
वन्द्यास्ते जगतिलोका आदर्शचरितात्मनः।

Those brave and dedicated (sons) devoted to the glory of the Nation deserve appreciation and the highest esteem and are truely

ideal characters.

३२. शान्तिभङ्ककरा हिंसा निन्द्यते साधुभिः सदा।
तस्मादेवा विनाश्यैव मनसा कर्मणा तथा॥

Breakers of peace are always condemned by the noble. Since violence should always be shunned both in mind and in deed.

३३. उत्तिष्ठताधुना पुत्राः शान्तिमेरीप्रधोबकाः।
शवथं कुरुतेदानीं देशस्याखण्डताकृते॥

My children, the torch bearers of peace, wake up and take the oath for the integration of the Motherland and dedicate yourselves for the integration of the motherland.

३४. क्षिप्रं प्रोम्यतावॄणि दुःखितानां सहर्षकम्।
नारीणां पुरुषणाञ्च दलितानां तथैव हि॥

Wipe off immediately the tears of men, women. down trodden and the oppressed.

३५. कण्टकाकीर्णमार्गोऽयं विषमोगहनः किल।
कण्टककर्मणोनैव प्रमदितव्यं कदाचन॥

Even if this path is beset with thorns dreadful and dark, thou should not show your back on the path of weeding out such thorns.

३६. उप्यन्तां पद्मपुष्पाणि कोणे कोणे पदे पदे।
येषां सुवाससा सर्वे दृष्येयुः सर्वदा जनाः॥

Sow the seeds of the lotus in every direction of country, so that the fragrance of the lotus flower (Pamposh in Kashmir) may reach and be enjoyed by all.

३७. जातिभेदेऽप्यभिन्नैस्तु उष्यतां भारते जनैः।
स्नेह सद्भावयुन्तौस्तु भिन्नधर्मानुयायिभिः॥

People must live with love as one nature having the —different casts, seeds & covers in India.

People belonging to different casts, creeds colours must live with love as one nature in India.

कश्मीरी भाषायां - पम्पोश (कंवल)

गृहसंकेतः—
५७/८, त्रिकूटानगर, जम्मू
दूरभाष - ४७१६१६

दैव, पौरुष और आत्मबल–
कश्मीर अद्वैत शैवदर्शन के परिप्रेक्ष्य में

डॉ. जगीरसिंह

रीडर, संस्कृतविभाग, जम्मू विश्वविद्यालय, जम्मू

भारत एक अध्यात्म प्रधान देश रहा है और यहां के अनेकविध वातावरण, रहन-सहन, वेशभूषा, आचार-व्यवहार एवं चिन्तन-प्रवाह के होते हुये भी एक विशेष तथ्य यह रहा है कि हमारे पूर्वज ऋषि-मुनि एवं मनीषियों ने मानवमात्र के कल्याण के लिये अनेकता में एकता का दर्शन किया है। इस एकत्व ज्ञान की सर्वसाधारण को भी अनुभूति हो सके, इसके लिये अनेकविध सिद्धान्तों, मतों अथवा प्रणालियों का उनके मानसिक स्तर की योग्यतानुसार प्रवर्तन एवं आश्रयण किया गया। परन्तु, ऐसा होते हुये भी लक्ष्य में एकता ही रही। परमहंस श्रीरामकृष्ण के अनुसार–"नाना मत–नाना पथ" ही हैं, जो नाना नदियों के देशकाल आकार के वैविध्यग्रस्त होने पर भी एक समुद्र-गमन की तरह एक ही परमार्थसत्ता की प्राप्ति के द्योतक हैं।

दैव (भाग्यवादी)–भारतीय संस्कृति का जीवन दर्शन धर्म पूर्वक अर्थोपार्जन सहित उसके सम्यक् उपभोग (काम) से मोक्ष (परमतत्त्व) की प्राप्ति का पोषक है। यह धर्म ही प्राणियों के अच्छे-बुरे (शुभाशुभ) कर्मों के फल का नियन्त्रक "दैव" कहा जाता है। इसी के अपर नाम "भविष्य" "स्वभाव" "अदृष्ट" "भाग्य" "अपूर्व" "भवितव्यता" "नियति" "प्रारब्ध" "विधि" होनी "भावी" आदि हैं। इस भाग्यवाद (दैववाद) को मानने वाले मानते हैं कि "कर्म" की तीन विधायें होती हैं–संचित कर्म, प्रारब्ध कर्म और क्रियमान कर्म। जन्म-जन्मान्तरों के शुभाशुभ कर्मों के संचय को 'संचित कर्म'[1] कहते हैं। उसमें से विशेष कर्मफल, जिसकी आवश्यकता, उपयोगिता एवं प्रभाववश वर्तमान जन्म, आयु, कर्म, विद्या, भोग, आजीविका, विवाह और मृत्यु आदि निर्धारित होते हैं, "प्रारब्धं कर्म" कहा जाता है।[2] वह कर्म जो वर्तमान जन्म में किया जाता है, "क्रियमाण कर्म" कहलाता है। इन कर्मों में से "संचित" एवं "क्रियमाण" कर्म ज्ञानरूपी अग्नि से दग्ध हो सकते हैं, परन्तु "प्रारब्ध कर्म" का फल अवश्यमेव भोगना ही पड़ता है। इसी प्रकार यदि ज्ञान न हो तो क्रियमाण कर्म ही संचित एवं अन्ततः भावी (प्रारब्ध) बन जाता है। अतः कर्मफलवाद

---

1 "पूर्वदेहो...............मिताक्षरा।"

2 "आयुः कर्म च वित्तं च विद्या निधनमेव च। पञ्चैतानि इह सृज्यन्ते गर्भस्थस्यैव देहिनः॥" पञ्चतन्त्र।

के अनुसार वर्तमान कर्म के अनुसार ही उसका फल भी अवश्य ही मिलता है।[3] शुभ का शुभ, अशुभ का अशुभ। पुनः "सकाम" और "निष्काम" कर्म के फल में भेद होता है। इसी प्रकार पुनः कर्म के नित्य, नैमित्तिक, प्रायश्चित्त, निषिद्ध, काम्य आदि विविध भेद होते हैं और उनके फलों में भी तदनुसार ही अन्तर होता है। फल की शीघ्र अथवा देरी से प्राप्ति में भी कर्म की प्रवृत्ति तारतम्य एवं देश, काल, कारण तथा उसके लक्ष्य की सौम्यता-क्रूरता अथवा लघुता-गुरुता का प्रभाव होता है। परन्तु, नियति अटल ही रहती है, उसको कोई टाल नहीं सकता।[4] जो कर्मफल अवश्यम्भावी है, उसका प्रतिकार सम्भव नहीं होता।[5] भवितव्यता के अनुसार ही बुद्धि परिवर्तित हो जाती है।[6]

इसलिये ही कहा जाता है कि कोई सर्वथा असुरक्षित वस्तु वन में भी दैव से रक्षित होने पर बची रहती है, परन्तु इसके विपरीत होने पर गृह में सम्यक् रक्षित होने पर भी नष्ट हो जाती है।[7] ईश्वर भी भाग्य में लिखित को टालने में असमर्थ है—ऐसा उनका मानना है।[8] भावी के प्रभाव से ही प्रत्यासन्न (शीघ्र आने वाली) दुःखद अथवा सुखद दशा के अनुकूल प्राणियों की बुद्धियाँ प्रायः परिवर्तित हो जाती हैं।[9] मन्दभाग्य होने पर महापुरुषों

---

[3] "लोकेऽथवा तनुभृतां निजकर्मपाकं, नित्यं समाश्रितवतां
सुहितक्रियाणाम्। भावार्जितं शुभमथाप्यशुभं निकामं,
यद्भावि तद्भवति नात्र विचारहेतुः॥" —पञ्चतन्त्र, श्लो.।

[4] यथा कथ्यते—"गोविन्दो मातुलो यस्य, पिता यस्य धनञ्जयः।
अभिमन्यु रणे शेते, नियतिः केन वार्यते॥

[5] "अवश्यम्भाविभावानां प्रतिकारो भवेद् यदि। तदा दुःखे न लिप्येरन्
नलरामयुधिष्ठिराः॥ यद् भावि न तद्ऽभावि भवेच्चेन्नतदन्यथा।
इति चिन्ताविषघ्नोऽयमगदः किं न पीयते॥

[6] (क) "तादृशी जायते बुद्धिर्यादृशी भवितव्यता।"
(ख) विनाशकाले विपरीतबुद्धिः।"

[7] "अरक्षितं तिष्ठति दैवरक्षितं सुरक्षितं दैवहतं विनश्यति।
जीवत्यनाथोऽपि वने विसर्जितः कृतप्रयत्नोऽपि गृहे विनश्यति॥" पञ्चतन्त्र।

[8] "को नाम पाकाभिमुखस्य जन्तु(तो)र्द्वाराणि दैवस्य पिधातुमीष्टे॥"
—उत्तररामचरितम्।, मालतीमाधवम्।

[9] "पौलस्त्यः कथमन्यदारहरणे दोषं न विज्ञातवान्
रामेणापि कथं न हेमहरिणस्यासम्भवो लक्षितः।
अक्षैश्चापि युधिष्ठिरेण सहसा प्राप्तो ह्यनर्थः कथं,
प्रत्यासन्नविपत्तिमूढमनसां प्रायो मतिः क्षीयते॥" — उत्तररामचरित।

को भी विवेक बुद्धि नष्ट होकर कुमार्ग में प्रवृत्त हो जाती है।[10] भाग्यवश ही पूर्वकृत अपने अच्छे या बुरे कर्मों का उसी स्थान से, उसी कारण से, उसी समय, उसी प्रकार, वहीं और उतना ही फल मिलता है, जिस स्थान से, जिस कारण से, जिस समय, जिस प्रकार, जो और जितना तदनुसार प्राप्य है।[11]

किसी स्थान, काल, पदवी, गुण अथवा परिस्थिति विशेष की अपेक्षा "दैव"[12] ही बलवान होता है, अन्यथा सुदूर आकाश, गहरे समुद्र सुरक्षित भूमि आदि में रहने वाले पशुओं या प्राणियों का बन्धन, बुद्धिमानों के भी निर्धन होने अथवा सूर्य-चन्द्र का भी राहु ग्रस्त होना सम्भव नहीं था।[13] अतः परिश्रम न करने पर भी, पूर्वजन्म में किये हुये अच्छे-बुरे कर्मों का फल मनुष्यों को विधि की प्रेरणा से मिल ही जाता है।[14] जिस स्थान, जिस समय और जैसी आयु में मनुष्य ने पूर्वजन्म में शुभाशुभ कर्म किया है, वह उसको उसी तरह, उसी समय और उसी आयु में भोगना पड़ता है।[15] मनुष्यों की इच्छा ही उनके जन्मान्तर के कर्मानुसार बने हुये अच्छे-बुरे भविष्य को बहुत पहिले ही सूचित कर देती है। जैसेकि कलापरूपी चिह्न उत्पन्न न होने पर भी मोर का बच्चा, शानदार कदमों से

---

[10] "कृतान्तपाशबद्धानां दैवोपहतचेतसाम्।
बुद्धयः कुब्जगामिन्यो भवन्ति महतामपि॥"—उत्तररामचरित।

[11] "यस्माच्च येन च यदा च यथा च यच्च,
यावच्च यत्र च शुभाशुभमात्मकर्म।
तस्माच्च तेन च तदा च तथा च तच्च,
तावच्च तत्र च कृतान्तवशादुपैति॥"—उत्तररामचरित।

[12] "दैव इति=कर्मसिद्धिः कर्मफलप्राप्तिः इष्टानिष्टलक्षणा"या.स्मृ.,वी.मि. मिता.।

[13] (क) "अर्धार्धाद्योजनशतादामिषं वीक्षते खगः।
सोऽपि पार्श्वस्थितं दैवाद्बन्धनं न च पश्यति॥" उत्तररामचरित।

(ख) "रविनिशाकरयोर्ग्रहपीडनं गजभुजङ्गविहङ्गमबन्धनम्।
मतिमतां च निरीक्ष्य दरिद्रतां विधिरहो बलवानिति मे मतिः॥

(ग) व्योमैकान्तविचारिणोऽपि विहगाः सम्प्राप्नुवन्त्यापदं,
बध्यन्ते निपुणैरगाधसलिलान्मीनाः समुद्रादपि।
दुर्नीतं किमिहास्ति किं च सुकृतं कः स्थानलाभे गुणः
कालः सर्वजनान्प्रसारितकरो गृह्णाति दूरादपि॥"

[14] "अकृतेऽत्युद्यमे पुंसामन्यजन्मकृतं फलम्।
शुभाशुभं समभ्येति विधिना संनियोजितम्॥" - तदेव।

[15] 'यस्मिन्देशे च काले च वयसा यादृशेन च।
कृतं शुभाशुभं कर्म तत्तथा तेन भुज्यते॥" - तदेव।

जलाशय से लौटता हुआ – यह मोर है–ऐसा जान लिया जाता है।[16] परंतु विधाता के विपरीत होने पर पौरुष कुछ नहीं कर सकता।[17] इसी प्रकार, भाग्य में लिखी हुई अतएव पाने योग्य वस्तु को पा ही लेता है, दैव भी उसे रोक नहीं सकता। इसलिए न चिन्ता करनी चाहिए और न आश्चर्य ही, क्योंकि जो वस्तु जिसकी है, वह उसे ही मिलेगी, दूसरों को नहीं।[18] भाग्य प्रतिकूल होने पर धन उपार्जित अथवा प्राप्त करने पर भी उसका उपयोग (भोग) संभव नहीं होता।[19] जो होने वाला नहीं होता, वह कदापि नहीं होता एवं जो होने वाला है, वह बिना किसी यत्न के ही संपन्न हो जाता है। जो प्राप्त नहीं होने वाला है, वह हाथ में आकर भी नष्ट हो जाता है।[20] जैसे सहस्त्रों गायों के मध्य में से बछड़ा अपनी माता को पहचान लेता है, वैसे ही पूर्वकृत् कर्म (का फल) कर्ता को मिल जाता है।[21] पूर्वकृत् कर्म सोते हुये के साथ सोता एवं चलते (जागते) हुये के साथ चलता (जागता) है, अतः सदा आत्मा का अनुसरण करता है।[22] जैसे धूप और छाया परस्पर सुसंबद्ध रहते हैं, वैसे ही कर्ता तथा कर्म एक दूसरे से सदा बंधे रहते हैं।[23] मनुष्य सब कुछ जानते हुये भी जब किसी निन्दित कर्म में प्रवृत्त होता है, तो ऐसा करने के पीछे एकमात्र कारण दैव (होनहार) ही है। यदि ऐसा न होता, तो संसार में कोई भी किसी गर्हित कर्म को न

---

[16] "वाञ्छैव सूचयति पूर्वतरं भविष्यं, पुंसां यदन्यतनुज–
त्वशुभं शुभं वा। विज्ञायते शिशुरजातकलापचिह्नः,
प्रत्युद्गतैरपसरन्सरलः कलापी॥"–तदेव,

[17] "छित्त्वा पाशमपास्य कूटरचनां भङ्क्त्वा बलाद्वागुरां,
पर्यन्ताग्निशिखाकलापजटिलान्निर्गत्य दूरं वनात्।
व्यांधानां शरगोचरादपि जवेनोत्पत्य धावन्मृगः,
कूपान्तः पतितः करोतु विधुरे किंवा विधौ पौरुषम्।"–तदेव,

[18] "प्राप्तव्यमर्थं लभते मनुष्यो दैवोऽपि तं लङ्घयितुं न शक्तः।
तस्मान्न शोचामि न विस्मयो मे यदस्मदीयं न हि तत्परेषाम्॥"–तदेव,

[19] "अर्थस्योपार्जनं कृत्वा नैव भोगं समश्नुते"–तदेव, 2/127

[20] "न हि भवति यन्न भाव्यं भवति च भाव्यं विनापि यत्नेन।
करतलगतमपि नश्यति यस्य तु भवितव्यता चास्ति॥"–तदेव,

[21] "यथा धेनुसहस्त्रेषु वत्सो विन्दति मातरम्।
तथा पुराकृतं कर्म कर्तारमनुगच्छति॥"–तदेव, 2/130

[22] "शेते सह शयानेन गच्छन्तमनुगच्छति।
नराणां प्राक्तनं कर्म तिष्ठेत्त्वथ सहात्मना॥"–तदेव, 2/131

[23] "यथा छायातपौ नित्यं सुसंबद्धौ परस्परम्।
एवं कर्म च कर्ता च संश्लिष्टावितरेतरम्॥"–तदेव, 2/132

करता।[24] विधि के विपरीत होने पर ही घाव में ही सदा चोट लगना, धनाभाव एवं भूख बढ़ जाना, विपत्ति एवं वैर बढ़ जाना इत्यादि–सभी प्रकार के अनर्थ बढ़ जाते हैं।[25] दैव अचिन्तनीय और बलवान् होता है, पुरुषार्थ नहीं। जैसे कभी तो जल आकाश से जलाशय में गिरता है, तो कभी पाताल से निकलता है, ऐसे ही भाग्यवश जीव उन्नति-अवनति को प्राप्त करता है।[26] दैव की गति बड़ी विचित्र है। भाग्य के क्रूर होने से सुबुद्धिमान् भी उसकी मार से नाश को प्राप्त हो जाते हैं, जबकि अनुकूल भावी से मंदबुद्धि भी अपने कुल में बढ़ते-फूलते सुखपूर्वक रहते हैं।[27] प्राणियों का दैवयोग से ही शुभाशुभ होता है, अन्यथा रावण जैसा महान् विद्वान् एवं योद्धा–त्रिकूट पर्वत जिसका किला, समुद्र खाई, राक्षस योद्धा, कुबेर से धन प्राप्ति और शुक्राचार्य का रचा शास्त्र था–विपत्ति में न पड़ता।[28]

होनहार (भवितव्यता) के अनुसार ही बुद्धि उत्पन्न होती है। उद्योग-धंधा भी वैसा ही होता है और सहायक भी वैसे ही मिलते हैं।[29] विधि का विधान अद्भुत है। यह रङ्क को राजा और राजा को रङ्क तथा धनी को निर्धन और निर्धन को धनी कर देता है।[30] किसी को भी मन का अभीष्ट सुख न मिलने से प्रमाणित होता है कि सब कुछ भाग्य के अधीन है–इसलिये संतोष का ही आश्रय लेना चाहिये[31] यद्यपि सभी प्रकार के फल-भोग कर्म (दैव) के नियन्त्रण में ही होते हैं एवं बुद्धि भी उसका अनुसरण करने वाली होती है,

---

[24] ''जानन्नपि नरो दैवात्प्रकरोति विगर्हितम्।
कर्म किं कस्यचिल्लोके गर्हितं रोचते कथम्॥''–तदेव।

[25] ''क्षते प्रहारा निपतन्त्यभीक्ष्णमन्नक्षये वर्धति जाठराग्निः।
आपत्सु वैराणि समुद्भवन्ति वामे विधौ सर्वमिदं नराणाम्॥''–तदेव।

[26] ''पतति कदाचिन्नभसः खाते पातालतोऽपि जलमेति।
दैवमचिन्त्यं बलवद् बलवान्नतु पुरुषकारोऽपि॥''–तदेव।

[27] ''सुबुद्धयोऽपि नश्यन्ति दुष्टदैवेन नाशिताः। स्वल्पधीरपि तस्मिंस्तु कुले नन्दति सन्ततम्॥''–तदेव।

[28] ''दुर्ग त्रिकूटः परिखा समुद्रो रक्षांसि योधा धनदश्च यक्षः।
शास्त्रं च यस्योशनसा प्रणीतं स रावणो दैववशाद्विपन्नः॥''–तदेव।

[29] ''नादृशी, जायते बुद्धिर्व्यवसायोऽपि तादृशः।
सहायकास्तादृशा एव यादृशी भवितव्यता॥''–चाणक्य नीति दर्पण।

[30] ''रङ्कं करोति राजानं राजानं रङ्कमेव च।
धनिनं निर्धनं चैव निर्धनं धनिनं विधिः॥''–तदेव।

[31] ''ईप्सितं मनसः सर्वं कस्य सम्पद्यते सुखम्।
दैवायत्तमतः सर्वं तस्मात्सन्तोषमाश्रयेत्॥''–तदेव।

तथापि बुद्धिमान् आचार्य सोच-विचारकर ही कार्य करते हैं।[32] परंतु, बलवत्ता सर्वत्र दैव की ही होती है। विनाश अथवा विपत्ति (अवनति आदि) में बुद्धि की सोच भी विपरीत परिणामदायिनी हो जाती है अन्यथा राम का सर्वथा सुवर्ण मृग के असम्भव होने पर भी उसके लिये लालायित होना, युधिष्ठिर का द्यूत-क्रीड़ा करना आदि संभव नहीं था।[33] भाग्यवश ही तो समुद्र के पिता और, लक्ष्मी के सहोदरी होने पर भी शङ्ख भीख मांगता है।[34]

भाग्य चक्र की भांति घूमता है।[35] इसलिये सदा दिन एक जैसे नहीं रहते। उनमें दैव के समुचित विधान अनुसार परिवर्तन होता ही है।[36] भगवान् श्रीकृष्ण गीता में कहते हैं कि ईश्वर किसी प्राणी का कर्तृत्व अथवा कर्मत्व नहीं रचता है। इसी प्रकार किसी कर्म विशेष का विशेष फल अथवा संयोग निमित्त भी नहीं बनता है, प्रत्युत् "स्वभाव" (दैव, प्रकृति) ही सर्वत्र प्रवृत्त होता है।[37] अतः विद्या और पौरुष की अपेक्षा भाग्य ही सर्वत्र फलित होता है।[38] उपनिषद् भी पूर्व कर्म के फल (दैव) अनुसार ही देव, मानव, तिर्यक्योनि अथवा लोकादि की प्राप्ति बतलाता है।[39]

पौरुषकर्मवादी—पौरुष अथवा कर्मवादी उद्यम में ही विश्वास करते हैं। इनका मानना है कि कर्म से ही दैव बनता है।[40] अतः कर्म ही प्रधान है और इसके बल पर व्यक्ति जैसा चाहता है, वैसा ही फल प्राप्त कर सकता है। संत शिरोमणि तुलसीदास भी

---

[32] "कर्मायत्तं फलं पुंसां बुद्धिः कर्मानुसारिणी।
तथापि सुधियश्चार्या, सुविचार्येव कुर्वते॥"—तदेव।

[33] "न निर्मितः चैव न दृष्टपूर्वे न श्रूयते हेममयः कुरङ्गः।
तथापि तृष्णा रघुनन्दस्य विनाशकाले विपरीतबुद्धिः॥"—तदेव।

[34] "पितारत्नाकरो यस्य लक्ष्मीयस्य सहोदरी।
शङ्खो भिक्षाटनं कुर्यान्नदत्तमपतिष्ठते॥"—तदेव।

[35] "एष क्रीडति कूपयन्त्रघटिकान्यायप्रसक्तो विधिः॥"—मृच्छकटिकम्।

[36] (क) "भाग्यक्रमेण हि धनानि भवन्ति यान्ति"—तदेव।
(ख) "भाग्यक्रमेण हि धनानि पुनर्भवन्ति"—चारुदत्तम्
(ग) "चक्रारपंक्तिरिव गच्छति भाग्यपंक्ति"—स्वप्नवासवदत्तम्

[37] "न कर्तृत्वं न कर्माणि लोकस्य सृजति प्रभुः।
न कर्मफलसंयोगं स्वभावस्तु प्रवर्तते॥"—भ. गी.।

[38] "भाग्यं फलति सर्वत्र न विद्या न च पौरुषं"—लोकोक्ति

[39] "योनिमन्ये प्रपद्यन्ते शरीरत्वायदेहिनः।
स्थाणुमन्येऽनुसंयन्ति यथाकर्म यथाश्रुतम्॥"—कठोप.।

[40] "अभिव्यक्तमस्मिन देहे प्रत्यक्षीक्रियमाणं युद्धादि.पुरुषव्यापाररूपं, पौरुषमुच्यते"—या.स्मृ, पीयमि. मिता।

ऐसा ही मत श्रीरामचरितमानस में अभिव्यक्त करते हैं[41] पंचतंत्र में कहा गया है कि उद्यमी नरश्रेष्ठ को ही लक्ष्मी (धन संपत्ति) प्राप्त होती है, ''भाग्य'' ही सब कुछ है अथवा "भाग्य'' से ही सब कुछ मिलता है—ऐसा कायर पुरुष ही कहते हैं। भाग्य को ठुकरा कर भरसक प्रयत्न करना चाहिये। यदि फिर भी सफलता नहीं मिलती, तो क्या दोष है? इसका विचार करना चाहिये।[42]

जगत् में ऐसी कोई वस्तु नहीं है, जो कर्मशील व्यक्ति की बुद्धि के लिये अप्राप्य अथवा अकार्य एवं असंभव हो। इसलिये बुद्धि से सम्यक् विचार कर कर्म करते रहना चाहिये।[43] शुभ कर्मों के लिये ही उद्योग करना चाहिये और इस प्रकार धर्मपूर्वक कर्म करते रहने पर भी यदि कहीं दैवात् विपत्ति आ पड़े, तो बुद्धिमान् को चाहिये कि उसकी शांति के लिये विशेष नय का उपयोग करे, क्योंकि लोक में यह लोकोक्ति प्रसिद्ध है कि आग से जले हुये पर सेंक भी उपकारी होता है।[44] धीर और मनस्वी उद्यमी के लिये क्या स्वदेश और क्या विदेश? वह जिस देश में भी रहता है, अपने पौरुष बल से बन में शेर की तरह सब कुछ अपने अधीन कर लेता है।[45] उत्साहयुक्त, कार्य में देर न लगाने वाले, कार्यों के सिद्धांत तथा निर्माण पद्धति को जानने वाले, मद्यपान आदि बुरे व्यसनों से पृथक्, बहादुर, उपकार मानने वाले और स्थिर मित्रता वाले पुरुष को लक्ष्मी स्वयं अपने निवास के लिये खोज लेती है।[46] जैसे एक हाथ से ताली नहीं बजती है, वैसे ही कर्म

---

[41] ''कर्मप्रधान जगत् रचि राखा। जो जस चाहा, सो तस फल चाखा॥''

[42] ''उद्योगिनं पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मीर्दैवं हि दैवमिति कापुरुषा वदन्ति।
दैवं निहत्य कुरु पौरुषमात्मशक्त्या, यत्ने कृते यदि न
सिध्यति कोऽत्र दोषः॥''—पञ्चतन्त्र।

[43] ''अवध्यं चाथवागम्यमकृत्यं नास्ति किञ्चन।
लोके बुद्धिमतां बुद्धेस्तस्मात्तां विनियोजयेत्॥''—तदेव।

[44] ''धर्मार्थं यततामपीह विपदो दैवाद्यदि स्युः क्वचित्,
तत्तासामुपशान्तये सुमतिभिः कार्यो विशेषान्नयः।
लोके ख्यातिमुपागतात्र सकले लोकोक्तिरेषा यतो,
दग्धानां किल वह्निना हितकरः सेकोऽपि तस्योद्भवः॥''—तदेव।

[45] ''को धीरस्य मनस्विनः स्वविषयः को वा विदेशः स्मृतो,
यं देशं श्रयते तमेव कुरुते बाहुप्रतापार्जितम्।
यद्दंष्ट्रानखलाङ्गूलप्रहरणैः सिंहो वनं गाहते,
तस्मिन्नेव हतद्विपेन्द्ररुधिरैस्तृष्णां छिनत्त्यात्मनः॥''—तदेव।

[46] ''उत्साहसम्पन्नमदीर्घसूत्रं क्रियाविधिज्ञं व्यसनेष्वसक्तम्।
शूरं कृतज्ञं दृढसौहृदं च लक्ष्मीः स्वयं मार्गति वासहेतोः॥''—पञ्चतन्त्र।

(उद्यम) के बिना फल अर्थात् भाग्य भी नहीं बनता है।[47] दैव कुछ नहीं, पूर्वकृत् कर्म का फल ही होता है और उसके मिलने पर भी उद्योग के बिना वह सार्थक नहीं होता। जैसे पूर्वकृत् कर्म से प्राप्त और सामने पड़ा हुआ भी भोजन हाथ की चेष्टा के बिना स्वयं मुख में नहीं जाता।[48]

इसलिये केवल मनोरथ अथवा कल्पना करने से कार्य सफल नहीं होते हैं, निश्चित रूप से उद्यम (पौरुष) करने से ही सिद्ध होते हैं। जैसे सोये हुये सिंह के मुख में स्वयं ही मृग प्रवेश नहीं करते हैं।[49] पौरुष के बिना अभीष्ट की प्राप्ति नहीं हो सकती है। इसलिये, सदैव कर्म करना चाहिये। 'जो होना है, सो हो जायेगा' ऐसा कायर लोग सोचकर आलसी बने रहते हैं।[50] उत्साहपूर्वक, दत्तचित्त होकर, सुनीति से उद्योग करने वाले को ही अचल लक्ष्मी (stable & good fortunes) की प्राप्ति होती है।[51] इसलिये 'भाग्य से ही सब कुछ होगा'—ऐसा सोचकर पुरुषार्थ नहीं छोड़ना चाहिये। जैसे पुरुष-व्यापार के बिना तिलों से तेल नहीं निकलता।[52] जो सदा उद्यमशील नहीं रहता और जो प्राप्त है, उसे भाग्य की देन समझकर संतुष्ट रहता है वास्तव में वही मंदभाग्य होता है। वह प्राप्त लक्ष्मी को भी पौरुष के बिना खो बैठता है।[53] इसलिये, केवल शारीरिक परिश्रम ही नहीं, प्रत्युत मानसिक उद्यम (उत्साह) भी परमावश्यक है। यह चित्त का उत्साह (प्रसन्नता, उमंग) ही है, जो सफलता या असफलता का हेतु होता है।[54] जब तक पुरुष साहस (उद्यम) नहीं करता है,

---

47 "यथैकेन न हस्तेन तालिका संप्रपद्यते। तथोद्यमपरित्यक्तं न फलं कर्मणः स्मृतम्॥"—तदेव।

48 "पश्य कर्मवशात्प्राप्तं भोज्यकालेऽपि भोजनम्।
हस्तोद्यमं बिना वक्त्रे प्रविशेन्न कथं चन॥"—तदेव।

49 "उद्यमेन हि सिद्ध्यन्ति कार्याणि न मनोरथैः।
न हि सिंहस्य सुप्तस्य प्रविशन्ति मुखे मृगाः॥"—तदेव।

50 उद्यमेन विना राजन्न सिद्ध्यन्ति मनोरथाः।
कातरा इति जल्पन्ति यद्भाव्यं तद्भविष्यति॥"—तदेव।

51 "यत्रोत्साहसमारम्भो यत्रालस्यविहीनता।
नयविक्रमसंयोगस्तत्र श्रीरचला ध्रुवम्॥"—तदेव।

52 "तद्दैवमिति संचिन्त्य त्यजेन्नोद्योगमात्मनः।
अनुयोगं विना तैलं तिलानां नोपजायते॥"—तदेव।

53 "यः स्तोकेनापि सन्तोषं कुरुते मन्दधीर्जनः।
तस्य भाग्यविहीनस्य दत्ता श्रीरपि मार्ज्यते॥" — तदेव।

54 "सिद्धं वा यदि वाऽसिद्धं चित्तोत्साहो निवेदयेत्।
प्रथमं सर्वजन्तूनां तत्प्राज्ञो वेत्ति नेतरः॥"—तदेव।

तब तक उसके लिये गुण का उत्कर्ष नहीं होता। जैसे जब सूर्य तुला राशि पर चढ़ता है, तभी मेघों को जीतता है।[55] उपनिषद् भी शुभ कर्मों को करते हुये शत वर्षों तक जीवित रहने की इच्छायुक्त होने का उपदेश देती है।[56] कर्म अथवा उद्यम के माध्यम से अभीष्ठ फलों (कामनाओं) की पूर्ति संभव है। श्रुति-स्मृति भी कर्म की महत्ता का निरूपण करती हुई कहती हैं कि इससे स्वर्ग प्राप्ति, धन-संपत्ति की उपलब्धि, किसी आपदा अथवा क्लेश की शांति, वर्षा कराने, आयु बढ़ाने स्वास्थ्यलाभ एवं अभ्युदय की प्राप्ति के साथ-साथ अभिचार कार्य (पर-पीड़ादि) भी संभव है।[57] नीति शास्त्र भी उद्यम से ही धन-संपत्ति, सुख-ऐश्वर्य एवं अभ्युदय की प्राप्ति द्योतित करते हैं।[58] प्राणि को सदैव उद्यमशील रहते हुये अपने शुभाशुभ का भी विचार करना चाहिये। यदि किसी प्रकार की मान हानि धन-संपत्ति विरह, उन्नति बाधा अथवा मानसिक क्लेश वा उग्र शारीरिक कष्टादि की पीड़ा हो, तो भाग्य के भरोसे उत्पीड़ित नहीं रहना चाहिये, प्रत्युत् दोष दूर करने हेतु उत्कट प्रयास करने चाहिएं। लौकिक उपचार कर्मों से शांति न हो तो वैदिक कर्म यथा वेद पाठादि[59] और देव अथवा ग्रह पूजनादि कर्म अवश्य कर लेने चाहियें, जिन से देव वा ग्रह की तुष्टि से प्राणी अभीष्ट कर्मसिद्धि (फल-प्राप्ति) का पात्र बन सकता है।[61] भगवान् श्रीकृष्ण भी गीता में इहलौकिक एवं पारलौकिक फलों की प्राप्ति के साथ-साथ ब्रह्मयोग उपलब्धि में कर्म कौशल को श्रेष्ठ मानते हैं, जिसके अनुसरण से जनकादि भी सिद्धि को प्राप्त हुये।[62] यज्ञ कर्म से[63] एवं कर्म ब्रह्म से उत्पन्न होने से सर्वथा

---

[55] "दुरधिगमः परभागो यावत्पुरुषेण साहसं न कृतम्।
जयति तुलामधिरूढो भास्वानिह जलदपटलानि॥"—तदेव।

[56] "कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीवेच्छेच्छतंसमाः"—ईशोप./

[57] (क) "श्रीकामः शान्तिकामो वा ग्रहयज्ञं समाचरेत्।
वृष्ट्यायुः पुष्टिकामो वा तथैवाऽभिचरन्नपि॥" — याज्ञवल्क्यस्मृति।
(ख) "श्रीकामो यजेत्" — श्रुति

[58] "साहसे श्री वसति" — नीतिशास्त्र

[59] "यं यं क्रतुमधीयीत तस्य तस्याऽऽप्नुयात् फलम्"—या. स्मृ.।

[60] "यस्य यश्च यदा दुःस्थः स तं यत्नेन पूजयेत्।
ब्रह्मणैषां वरो दत्तः पूजिताः पूजयिष्यथ॥"—तदेव।

[61] "ते तृप्तास्तर्पयन्त्येनं सर्वकामफलैः शुभैः"—तदेव।

[62] "योगः कर्मसु कौशलम्"—भ. गी.।

[63] "कर्मणैव हि संसिद्धिमास्थिता जनकादयः"—भ. गी.।

[64] "यज्ञः कर्मसमुद्भवः"—भ. गी.।

पवित्र एवं अनुकरणीय है। अतः कार्य (कर्त्तव्य, शुभ) कर्म सदा करते रहना चाहिये।[64]

स्वभाववादी–स्वभाववादियों का मानना है कि सब कुछ स्वभाव के अनुसार ही होता है। वह ही सर्वत्र कारण है। कोयल की आवाज सुरीली और कौआ की कर्कश किसने की है? हंसों का रङ्ग श्वेत और मोर का चित्रित किसने किया? स्वभाव से ही ऐसा होता है, कोई दूसरा इसमें कारण नहीं है।[67] गीता में भी कहा गया है कि ईश्वर लोक के कर्तृत्व अथवा कर्मों का सृजन नहीं करते हैं, न ही कर्मों के होने वाले शुभाशुभ फल का संयोग करते हैं, प्रत्युत् स्वभाव ही सर्वत्र प्रवृत्त होता है। वह न ही किसी के पाप का ग्रहण (नाश) करते हैं और न ही पुण्य का समर्पण स्वीकार। वास्तव अज्ञान से ज्ञान के आवृत्त रहने से जीव मोहित होकर ऐसा सोच लेते हैं।[68] अतः जीव के जीवन, आयु, मृत्यु, भोग, योन्यन्तर गमनादि में स्वभाव ही कारण है।

कालवादी–दूसरे मनीषी काल को सर्वत्र कारण कहते हैं। उनके अनुसार काल के अंतर्गत ही प्राणी अथवा वस्तुओं की उत्पत्ति, पुष्टि एवं संहार होता है। सब के सो जाने पर भी काल ही जागता है, काल दुरतिक्रम है।[69]

यह काल ही है, जो शीघ्र न किये जाने वाले जिस किसी भी कार्य, विशेषतः फलोन्मुख कार्यों के फल को पी लेता (नष्ट कर देता) है।[70] श्रीराम का वन जाना, दैत्यराज बलि का बंधन में पड़ना, पांडवों का वन गमन, यादवों का विनाश, राजा नल का राज्य-भ्रष्ट होना, अर्जुन का नाट्याचार्य पद ग्रहण करना, रावण का विनाश आदि विचार कर मालूम पड़ता है कि मनुष्य सब कुछ कालवश सहन करता है, इस संसार में कौन किसकी रक्षा करता है।[71] बलवान् काल ने ही प्रतापी दशरथ, सागर, पृथु एवं मनु जैसे राजाओं का भी नाश कर दिया।[72] इसी प्रकार मान्धाता, हरिश्चन्द्र, युधिष्ठिर, नहुष,

---

65 ''कर्म ब्रह्मोद्भवं विद्धि''–तदेव।

66 ''तस्मादसक्तः सततं कार्यं कर्म समाचर''–तदेव।

67 अपरे स्वभावकारणिकां ब्रुवते –
''केन शुक्लीकृताः हंसाः, मयूराः केन चित्रिताः। स्वभावेनैव इति–सां. का. 61, गौड़पाद भाष्य

68 न कर्तृत्वं न कर्माणि लोकस्य सृजति प्रभुः।
न कर्मफलसंयोगं स्वभावस्तु प्रवर्तते॥
नादत्ते कस्यचित्पापं न चैव सुकृतं विभुः।
अज्ञानेनावृत्तं ज्ञानं तेन मुह्यन्ति जन्तवः॥''–भ. गी.।

69 ''कालः पचति भूतानि, कालः संहरते जगत्।
कालः सुप्तेषु जागर्त्ति, कालो हि दुरतिक्रमः॥''–सां. का. 61, गौड़पाद भाष्य; चाणक्य नीति दर्पण।

70 ''यस्य यस्य हि कार्यस्य फलितस्य विशेषतः।
क्षिप्रमक्रियमाणस्य कालः पिबति तत्फलम्॥''–पं. तं.।

श्रीकृष्ण कहां हैं? काल ने ही इन सबको बनाया और अपने में समाविष्ट भी कर लिया। इसी प्रकार, अन्य-अन्य राजा, रमणियाँ, वन, उपवन सब काल के ही ग्रास हो गये।[72] अतः काल ही प्रधान है। प्रत्येक वस्तु की प्राप्ति वा अप्राप्ति काल के ही अधीन है।[73] अतः काल ही सब का कारण है। काल के वश में ही शुभ-अशुभ फल, योनि, पदवी, जन्म आदि सभी है।

ईश्वरवादी—ईश्वर को सर्वत्र कारण मानने वाले कहते हैं कि जीव तो अज्ञ हैं और स्वयं अपने सुख-दुःख भोगने में असमर्थ हैं। इसलिये, स्वर्ग अथवा नरक में कर्मफल भोगने के लिये ईश्वर की प्रेरणा से ही जाता है—अपने वश में होता तो नरक अथवा दुःख-क्लेश को कभी स्वीकार नहीं करता।[76] श्रुतियों में भी ऐसा ही मत मिलता है। कौषीतकि ब्राह्मण में कहा गया है कि ईश्वर जिस प्राणी को इन लोकों से ऊपर उठाना चाहता है, उससे साधु (शुभ, पुण्य) कर्म करवाता है और जिसे निम्न लोकों की प्राप्ति कराना चाहता है, उससे असाधु (अशुभ, पाप) कर्म करवाता है।[77] बृहदारण्यकोपनिषद्

---

[71] "रामस्य व्रजनं, बलेर्नियमनं, पाण्डोः सुतानां वनं,
वृष्णीनां निधनं, नलस्य नृपते राज्यात्परिभ्रंशनम्।
नाट्याचार्यकमर्जुनस्य, पतनं संचिन्त्य लङ्केश्वरे,
सर्वं कालवशाज्जनोऽत्र सहते, कः कं परित्रायते॥"—तदेव।

[72] "क्व स दशरथः स्वर्गे भूत्वा महेन्द्रसुहृद्व्रतः।
क्व स जलनिधेर्वेलां बद्ध्वा नृपः सगरस्तथा।
क्व स करतलाज्जातो वैन्यः क्व सूर्यतनुर्मनु -
र्ननु बलवता कालेनैते प्रबोध्य निमीलिताः॥"—तदेव।

[73] "मान्धाता क्व गतस्त्रिलोकविजयी राजा, क्व सत्यव्रतः,
देवानां नृपतिर्गतः क्व नहुषः, सच्छास्त्रवान् केशवः।
मन्यन्ते सरथाः सकुञ्जरवराः शक्रासनाध्यासिनः,
कालेनैव महात्मना त्वनुकृताः कालेन निर्वासिताः॥"—तदेव।

[74] "स च नृपतिस्ते सचिवास्ताः प्रमदास्तानि काननवनानि।
स च ते च ताश्च तानि च कृतान्तदृष्टानि नष्टानि॥"—तदेव।

[75] "माली सींचे सौ घड़ा, ऋतु आये फल होये।"—रहीम

[76] केचिदीश्वरं कारणं ब्रुवते—
"अज्ञो जन्तुरनीशोऽयमात्मनः सुखदुःखयोः।
ईश्वरप्रेरितो गच्छेत् स्वर्ग नरकमेव वा॥"—सां. का., गौ. पा. भा.,

[77] "एष ह्येव साधु कर्म कारयति तं यमेभ्यो लोकेभ्यो
उन्निनीषत एष उ एवासाधु कर्म कारयति तं
यमधो निनीषते"—कौ. ब्रा.।

कहता है कि वह जीव पुण्य कर्म से पुण्यात्मा और पाप कर्म से पापात्मा होता है।[78] ऋग्वेद के वाक् (देवी) सूक्त में कहा गया है–[79]"मैं जिस प्राणी को जैसा चाहती हूं उस उस को वैसा ही उग्र, ब्रह्मज्ञानी, ऋषि अथवा अत्यन्त बुद्धिमान् बना देती हूं। स्मृतियों में भी ऐसा ही मत पाया जाता है। गीता में श्रीकृष्ण अर्जुन को कहते हैं–ईश्वर सभी प्राणियों के हृदय देश में विद्यमान रहता है और माया के द्वारा सभी प्राणियों को यन्त्रारूढ़ की भांति उनके शुभाशुभ कर्मों के फलानुसार घुमाता है।[80]

दैव-पौरुष समुच्चयवादी–ब्रह्मर्षि याज्ञवल्क्य का मानना है कि दैव और पौरुष, स्वभाव एवं कालादि अकेले-अकेले फलोत्पत्ति में समर्थ नहीं है। ईश्वर तो सर्वत्र साधारण कारण है। अतः दैव, पौरुष, स्वभाव, कालादि परस्पर संयोग (समुच्चय) से फलोत्पत्ति में कारण बनते हैं। जैसे एक चक्र से रथ की गति संभव नहीं होती, उसी प्रकार पुरुषकार के बिना दैव सिद्ध नहीं होता।[81] मत्स्य पुराण में भी दैव, पुरुषकार और काल के संयोग से शुभाशुभ काल की प्राप्ति की बात कही गई है।[82] मिताक्षरा में कहा गया है[83] कि प्राणियों का अभ्युदय और विनिपात (अधःपतन) दैवाधीन मानकर यदि–'भाग्य में है, तो परराष्ट्रादि स्वयमेव वश में हो जायेगा और यदि नहीं है, तो पौरुष करने पर भी नहीं होगा'–ऐसा सोचकर प्रयास (उद्यम) छोड़ दिया जाये कि वह व्यर्थ है? तो कहा जाता है कि दैव तो दृष्टानिष्टलक्षणा कर्मफल प्राप्ति है। वह न केवल दैव में व्यवस्थित है, प्रत्युत् पुरुषकार में भी क्योंकि लोक में वैसा देखते हैं कि बीमारादि होने पर चिकित्सा आदि से लाभ होता है। इसी प्रकार-'पुरुषकार के अभाव में दैव ही नहीं है'–ऐसी बात भी नहीं है क्योंकि पूर्व देह में अर्पित पौरुष को ही दैव कहते हैं। अल्प उद्यम के अनन्तर महाफल की प्राप्ति हो जाना पूर्व देह के कर्म के फल का परिचायक है। इसलिये पुरुषकार के अभाव में दैव संभव नहीं? इसीलिये मन्वादि कुशल बुद्धि वाले दैवादि के संयोग (समुच्चय) में ही फल

---

78 "पुण्यो वै पुण्येन कर्मणा भवति पापः पापेन"–बृहद्. उप.।

79 "यं कामयेतं तमुग्रं कृणोमि तं ब्रह्माणं तमृषिं तं सुमेधाम्" –ऋ.सं., म. 10,वा. सू. 80 ऋचा

80 "ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुनतिष्ठति।
भ्रामयन्सर्वभूतानि यन्त्रारूढानिमायया॥"–भ. गी.।

81 "दैवे पुरुषकारे च कर्मसिद्धिर्व्यवस्थिता। तत्र दैवमभिव्यक्तं पौरुषं पौर्वदेहिकम्॥ केचिद्दैवात्स्वभावाच्च (वा) कालात्पुरुषकारतः। संयोगात् केचिदिच्छन्ति फलं कुशलबुद्धयः॥
यथा ह्येकेन चक्रेण न रथस्य गतिर्भवेत्। एवं पुरुषकारेण विना दैवं न सिद्धयति॥"–या. स्मृ.।

82 "दैवः पुरुषकारश्च कालश्च पुरुषोत्तम। त्रयमेतन्मनुष्यस्य पण्डितस्य फलाय वै॥"–मात्स्ये

83 "स्वमतमाह–दैवादीनां संयोगे समुच्चये फलं भवतीति कुशलबुद्धयो मन्वादयो मन्यन्ते"–मिताक्षरा।

की निष्पत्ति मानते हैं। स्मृति भी इस बात की पुष्टि करती है[84] कि पूर्व सृष्टि (जन्म) में किये हुये कर्मों के अनुसार ही बार-बार जन्म लेकर प्राणी उन्हीं कर्मों को (फलरूप = दैव) प्राप्त करता है–हिंस्र-अहिंस्र, मृदु-क्रूर, धर्म-अधर्म, ऋत (सत्य)अनृत (असत्य) कर्मों को उनकी वासना से युक्त होकर प्राप्त करते हैं एवं उस वासना से ही पुण्य-पाप आदि पसंद करता है। श्रुति तो समस्त प्रकृति में इसी नियम का मंडन करती है। शंकराचार्य कहते हैं कि कर्म की शक्ति (संस्कार-वासना) सहित ही जगत् लीन होता है और शक्ति-मूल ही उत्पन्न होता है। इसीलिये पुनरुत्पत्ति दशा में श्रुति-स्मृति अनुसार भी दोनों (पूर्व कर्म और पुनर्जन्म में दैव के रूप की) अवस्थाओं में नाम, रूप, दृष्टि (ज्ञान), कर्म, भावादि समान ही होते हैं, जैसे ऋतुओं के परिवर्तन चक्र (आवृत्ति) में वैसा ही नाम, रूप, लिङ्गादि दर्शित होता है।[85-86]

आत्मबल संसारी दशा (Empirical stage)— काश्मीर अद्वैत शैव दर्शन में भी संसारी दशा में कर्म की विचित्रता को स्वीकार किया गया है। श्रुति-स्मृति-पुराण के अनुसार ही शुभ कर्म का शुभ फल और बुरे कर्म का बुरा परिणाम माना गया है। उसी के प्रभाव से ही देव, मानव अथवा तिर्यक् योनि, सुख-दुःख, स्वर्ग-नरक आदि की प्राप्ति होनी अभिहित है। दूसरे शब्दों में, कर्म और उसका फलरूप दैव मान्य है। जीव माया से मोहित हुआ अपने पारमार्थिकरूप शिव को नहीं पहचानता है और शरीरादि में मिथ्याभिमान से ग्रस्त होकर अपने शुद्ध-चैतन्य अथवा संविद्रूप का अनुभव नहीं करता है।[87] यह आत्मस्वरूप का अज्ञान ही मल कहा जाता है, जो संसार के अङ्कुर (प्रस्फुटन) का कारण है।[88] इसी से जन्म-मरणरूप संसृति चक्र शुरू हो जाता है।[89] इस प्रकार, मल से चैतन्य के

---

[84] "तेषां ये यानि कर्माणि प्राक्सृष्ट्यां प्रतिपेदिरे। तान्येव ते प्रपद्यन्ते सृज्यमानाः पुनः पुनः॥ हिंस्राहिंस्रे मृदुक्रूरे धर्माधर्मावृतानृते। तद्भाविताः प्रपद्यन्ते तस्मात्तत्तस्य रोचते"–स्मृति

[85] "सूर्याचन्द्रमसौ धाता यथापूर्वमकल्पयत्।
दिवं च पृथिवीं चान्तरिक्षमथो स्वः॥"–ऋ. सं.।

[86] "प्रलीयमानमपि चेदं जगच्छक्त्यवशेषमेव प्रलीयते। शक्तिमूलमेव च प्रभवति . . . . समान नामरूपतां च श्रुतिस्मृती दर्शयतः–
ऋषीणां नामधेयानि याश्च वेदेषु दृष्टयः। शर्वर्यन्ते प्रसूतानां तान्येवैभ्यो ददात्यजः॥
यथर्तुष्वृतुलिङ्गानि नानारूपाणि पर्यये। दृश्यन्ते तानि तान्येव तथा भावा युगादिषु॥
यथाभिमानिनोऽतीतास्तुल्यास्ते साम्प्रतैरिह। देवा देवैरतीतैर्हि रूपैर्नामभिरेव च॥–ब्र. सू., शां. भा.।

[87] "चैतन्यमात्मा"–शि. सू.।

[88] "मलमज्ञानमिच्छन्ति संसाराङ्कुरकारणम्"–मा. वि. तं.

[89] "अज्ञानाद्बध्यते लोकस्ततः सृष्टिश्च संहृतिः"–श्रीसर्वाचारे, शि. सू. वि.।

अन्तर्हित होने, कला (किञ्चित्कर्तृत्व), विद्या (किञ्चिज्ज्ञातृत्व) के समाश्रित होने, राग (अपूर्णआसक्ति) से रञ्जित, काल (अनित्यत्व, भूत-वर्तमान-भविष्य) से कलित होने तथा नियति (अव्यापाकत्व कार्य–कारणभाव) से नियन्त्रित होने पर शिव ही पुरुष, अणु, जीव, पशु अथवा बद्ध कहलाता है। तब वह प्रकृति (प्रधान) के संस्कार एवं त्रिगुण (सत्त्व, रज, तम) से समन्वित, बुद्धि-अहंकार-मन, बुद्धीन्द्रिय, कर्मेन्द्रिय, तन्मात्र और स्थूलभूतों से समावृत हो जाता है।[90] इस प्रकार शिवेच्छा से उनकी माया शक्ति द्वारा आत्मस्वरूप के अज्ञान से स्वरूपावरणात्मक आणव मल होता है, जिससे पार्थक्य ज्ञान प्रवाहरूप मायीय मल और शुभ (धर्म) और अशुभ (अधर्म) कर्म संस्कारात्मक कार्ममल उत्पन्न होता है जो जन्म एवं भोग (दैव) का कारण होता है।[91] कालिकाक्रम में भी कहा गया है कि अविद्या से आवृत होने से विविध द्वैतात्मक कल्पनायें करते रहने से जीव शिवादि धरणिपर्यन्त आत्मरूप ही तत्त्वों को शीघ्र पहचानता नहीं है। इसीलिये उससे शुभ-अशुभ मानसिक भाव उत्थित होते हैं, जिससे परम दुःख होता है। सारहीन (असत्य) कल्पना करने से नरकादि में तड़पता है। जैसे बांस अपनी ही आग से जलते हैं, वैसे ही जीव अपने दोषों से तद्भोग (फल, दैव) रूप कष्ट पाते हैं।[92] (मायामय) विचारों के कारण अविद्या का फल पाते हैं।[93] मायामय ही शरीरों को पाकर अपनी अभिलाषाओं से क्लेशों के पात्र बनते हैं। अभिलाषा से ही संवाह्य (कर्मात्मरूप पशु) की बहिर्गति (एक योनि-अथवा रूप से दूसरी में परिवर्तन) होती है।[94] यह अभिलाषा (feeling of want) ही मल (अज्ञान) है।[95]

---

[90] ''मलप्रध्वस्तचैतन्यं कलाविद्यासमाश्रितम्। रागेण रञ्जितात्मानं कालेन कलितं तथा॥ नियत्या यमितं भूयः पुंभावेनोपबृंहितम्। प्रधानाशयसम्पन्नं गुणत्रयसमन्वितम्। बुद्धितत्त्वसमासीनमहङ्कार-समावृतम्। मनसा बुद्धिकर्माक्षैस्तन्मात्रैः स्थूलभूतकैः''–स्वच्छ. तं.।

[91] (क) ''त्रिविधमलस्वरूपम्–अपूर्णमन्यताभिन्नवेद्याप्रथाशुभाशुभवासनात्मकं''–शि. सू. वि.।

(ख) ''धर्माधर्मात्मकं कर्म सुखदुःखादिलक्षणम्''–मा. वि. तं.।

(ग) ''भिन्नवेद्यप्रथात्रैव मायाख्यं जन्मभोगदम् कर्तर्यबोधे कार्मं च मायाशक्त्यैव तत्त्रयम्''–ई. प्र. का।

[92] ''यदविद्यावृततया विकल्पविधियोगतः। शिवादीन्नैव झटिति समुद्भावयेतखिलान्॥ ततः शुभाशुभा भावा लक्ष्यन्ते तद्वशत्वतः। अशुभेभ्यश्च भावेभ्यः परं दुःखं प्रजायते॥ अतथ्यां कल्पनां कृत्वा पच्यन्ते नरकादिषु। स्वोत्थैर्दोषैश्च दह्यन्ते वेणवो वह्निना यथा॥ मायामयैः सदा भावैरविद्यां परिभुञ्जते। मायामयीं तनुं यान्ति ते जनाः क्लेशभाजनम्॥''–कालिकाक्रमे, शि. सू. वि.।

[93] ''मोहप्रतिसंहतस्तु कर्मात्मा''–शि. सू.।

[94] ''अभिलाषाबहिर्गतिः संवाह्यस्य''–तदेव।

[95] ''अभिलाषो मलोऽत्र तु''–स्वच्छ. तं.

तन्त्रालोक में महान् शैवाचार्य अभिनवगुप्त कहते हैं कि भगवती परा संवित् द्वारा ही विश्रान्तिरूप संहृति की दशा में कार्यरूप भावसमूह को विलापित करने के समनन्तर भी कुछ प्रतिनियत रूप अर्थात् भेदावभासात्मा घनीभूत रूप में अवस्थित हो जाता है, जो संस्काररूप में वर्तमान होकर 'शंका' के निमित्तरूप से अवस्थित हो जाता है। उसी के कारण विचित्र आचार प्रदर्शक अनन्त शास्त्रों में कार्यअकार्य-विभाग के निश्चय को अप्राप्त हुआ प्रमाता-'अज्ञान से आच्छन्न होकर अधर्म को धर्म समझ लेता है– इस दृष्टि से जो ही जैसे हृदय में उदित होता है, वह ही वैसे उसका फलित होता है अर्थात् जैसा कर्म (शुभाशुभ) करता है, वैसा ही उसका भाग्य बनता है। इस प्रकार वह ही यह शङ्कानिमित्त कार्याकार्य लक्षण प्रतिनियत भाव में विद्यमान संस्कार प्रबुद्ध होकर शुभाशुभरूपी फलसम्पदा को उत्पन्न करता है, जिससे यह लोक स्वर्ग-नरकादि का अधिकारी होकर सुख-दुःखादि भोक्ता बनता है।[96] ईश्वरेच्छा से ही भट्टारक अनन्त (अघोरेश) जीवों के शुभाशुभ कर्मों के फल-भोग के लिये अशुद्ध अध्वा (मायीय तत्त्वों) की रचना माया से करते हैं।[97] वास्तव में कर्तृत्व सर्वत्र परमेश्वर का ही होता है, परंतु जीव शरीरादि में अभिमान और स्वरूप के अज्ञान के कारण सीमित कर्तृत्व का अहंकार करता है, जिसकी वासना (संस्कार) के फलस्वरूप शुभाशुभ फल भोगता अथवा नाना योनियों में गमन करता है, सुख-दुःख भोगता है। यह हीन दशा परिमित कर्तृत्व अभिमान के कारण ही होती है, जबकि हृदय से सर्वकर्तृत्व की अवधारणा करनी चाहिये। इस से यही निष्कर्ष निकलता है कि काश्मीर अद्वैत शैव मत में संसारी अवस्था में कर्म (पौरुष) और तदनुरूप फल (दैव) को स्वीकृत किया गया है।[98]

---

96 ''विलापितेऽपि भावौघे कञ्चिद्भावं तदैव सा। आश्यानमेद्यं एवास्ते शङ्का संस्काररूपकः। शुभाशुभतया सोऽयं सोष्यते फलसम्पदम्–तं. आ.।

.....यद्(शङ्का)वशादेव विचित्राचारप्रदर्शकेषु अनन्तेषु शास्त्रेषु कार्याकार्यविभागनिश्चयमलभमानस्य प्रमातुः

''अधर्मं धर्ममिति या बुद्ध्यते तमसावृता'–

इत्यादिदृशा यदेव यथा हृदये प्ररोहति तदेव तस्य तथा फलेत्–इति स एवायं शङ्कानिमित्तं कार्याकार्यलक्षणप्रतिनियतभावाहितः संस्कारः प्रबुद्धः सन् शुभाशुभरूपां फलसम्पदं जनयिष्यते, येनायं लोकः स्वर्निरयादिपात्रतया सुखदःखादिभोक्तृतामियात्''–तं. आ. वि.।

97 ''अशुद्धं पुनरध्वानमनन्तापरनामाघोरेशः सृजति ईश्वरेच्छावशेन प्रक्षुब्धभोगलोलिकानामणूनां भोगसिद्ध्यर्थम्''–तं. सा., पृ.।

98 ''तस्मात् वस्तुत 'ईश्वर एव सर्वत्र कर्ता, अहं च स एव' इति न परिमिते कर्ता, अपितु सर्वत्र कर्ता,–इति एतावति सर्वथा हृदयेन अवधातव्यम्, इति स्थितम्'' – ई. प्र. वि.।

श्री ईश्वरस्वरूप लक्ष्मण जू महाराज

आविर्भावदिवस	महासमाधिदिवस
9-5-1907	27-9-1991

(श्री तेजकृषण कौल (मल्ला) के सौजन्य से)

अध्यात्म दशा (Spiritual Stage)—यह दर्शन अध्यात्म प्रधान है और जीवन के सर्वतोमुखी विकास के लिये आत्मज्ञान पर बल देता है। सुख-दुःख, हानि-लाभ, यश-अपयश, जन्म-मृत्यु इत्यादि सभी द्वन्द्व संसारी दशा के परिमित प्रमाता (मायाधीन स्थूलादि शरीराभिमानी जीव) से संबंधित हैं। वास्तव में तो वह शिव है और अज्ञान के कारण परिच्छिन्नता का अनुभव करता है। यही उसके सभी प्रकार के क्लेशों का बीज है। अतः स्वस्वरूप की आणव-मायीय-कार्म मलों के आवरण के कारण असमर्थता, फलतः विषयों की प्राप्ति की अभिलाषा, जिससे वह क्षोभ (द्वैत चिन्तन की छटपटाहट) में रहता है, शांत होने पर परमपद के ऐश्वर्य का अनुभव करता है अर्थात् दैवादि पर निर्भरता की अपेक्षा अपने शुद्ध चैतन्य संविद्रूप का अनुभव करना चाहिये, क्योंकि वही दैवादि का भी आधार है।[99] उसके प्रकाश से ही सब का प्रकाश होता है, अन्यथा किसी की भी उससे पृथक् सत्ता संभव नहीं है।[100] देश, काल, आकारादि भी उसी से सत्तावान् होते हैं।[101] वह स्वयंभू, ज्योतिस्वरूप, स्वतः सिद्ध है।[102] प्रमाण भी उसी पर आश्रित होने से उसको प्रमाणित नहीं कर सकता। उसका पार पाना अपने सिर की छाया को पांव से लांघने के समान असंभव है।[103] वह परामृत रस है और इस अनुभव से च्युति ही प्रत्यय (मन-बुद्धि-अहंकार-इन्द्रियजन्य ज्ञान, विकल्प) के उदय का मूल है। पुनः इससे वह अस्वतंत्र (असमर्थ, हीनताग्रस्त) हो जाता है और तन्मात्र गोचर अर्थात् शब्दादि बाह्य विषयों की अनुभूति पर्यन्त ही सीमित होकर शुभ-अशुभ कर्म एवं उनके संस्कारवश आवागमन भोग भोगता है।[104] अतः जब

---

[99] "निजाशुद्ध्यासमर्थस्य कर्त्तव्येष्वभिलाषिणः। यदा क्षोभः प्रलीयेत् तदा स्यात्परमं पदम्॥" —स्प. का.।

[100] "तस्य भासा सर्वमिदं विभाति" – कठ. उप.।

[101] "इह अचेतितस्य कस्यापि सत्त्वाभावात्, चितिक्रियासर्वसामान्यरूपा इति .... चितोदेशकालाकारैः चिद्वयतिरेकात् अचेत्यमानत्वेन – शि. सू. वि., 1/1 असद्भिः चेत्यमानत्वेन तु चिदात्मभिः भेदस्य आधातुम् अशक्यत्वात्

[102] (क) "स्वयम्भूर्भगवान्देवो जन्मसंस्कारवर्जितः।
निर्विकल्पं परं धाम अनादिनिधनं शिवम्॥
प्रत्यक्षं सर्वजन्तूनां न च पश्यति मोहितः।" – श्रीमल्लक्ष्मीकौलार्णवे
(ख) "यस्या निरुपाधिज्योतिरूपायाः शिवसंज्ञया। व्यपदेशः परां तां त्वामम्बां नित्यमुपास्महे॥" —शि. दृ. वृ.।

[103] "अभिनवार्थप्रकाशनरूपं न प्रमाणवराकमुपयुक्तम् उपपन्नं वा। तदुक्तं त्रिकसारे – 'स्वपदा स्वशिरच्छायां यद्वल्लङ्घितुमीहते। पादोद्देशे शिरो न स्यात्तथेयं बैन्दवी कला॥'"–प्र. हृ. टी.,सू.,।

[104] "परामृतरसापायस्तस्य सः प्रत्ययोद्भवः। तेनास्वतन्त्रामेति सः च तन्मात्रगोचरः॥"– स्प. का.।

कर्म एवं दैव (कर्मफल) के चक्र से बचने के लिये आत्म बल लाभ परमावश्यक है। राजानक क्षेमराज "आत्मबल" चिति शक्ति के देह, प्राणादि कोशों को दबाकर अपने उभार से अपने स्वरूप के उन्मेष को कहते हैं।[105] इस आत्मबल की प्राप्ति से विश्वात्मात् अर्थात् अपनी ही शक्तियों का स्फार अनुभूत होता है, जिससे जगदानन्द, आत्ममहेश्वर का अनुभव होता है।[106] सिद्ध वसुगुप्त के अनुसार यह आत्मबल स्पर्श से ही पुरुष (जीव, पशु) शिवतुल्य हो जाता है।[107] श्रुति भी इसी अवस्था को दृष्टिकोण में रखकर कहती है कि–'ब्रह्म को जानने वाला ब्रह्म ही हो जाता है, उस (ब्रह्म, आत्मा) को जान लेने से सब कुछ जाना हुआ हो जाता है।[108]' जैसे केवल भाग्य के भरोसे बैठने अथवा उद्यम (पौरुष) में कोई त्रुटि रहने से विपरीत फल भी हो सकता है, इस आत्मबल की अनुभूति के मार्ग में प्रसरण से प्रत्यवाय नहीं होता और न ही प्रारंभ का नाश ही होता है, प्रत्युत् थोड़ा-सा भी अनुसरण करने से संसार के महान् क्लेशों से त्राण हो सकता है।[109] भगवान् श्रीकृष्ण कहते हैं कि यह ब्राह्मी स्थिति कहलाती है और इसको प्राप्त करके जीव पुनः मोहित नहीं होता अर्थात् संसार-चक्र में मायावश नहीं पड़ता। मृत्यु की दशा में भी आत्मबल का अनुभव करने से ब्रह्मत्व की प्राप्ति हो जाती है।[110] महान् शैवाचार्य उत्पलदेव इस 'आत्मबल' लाभ के मार्ग को 'शाङ्कर मार्ग' कहते हैं, जिसके अनुसरण से सभी प्रकार के

---

105 "चितिरैव देहप्राणाद्याच्छादननिमज्जनेन स्वरूपम् उन्मग्नत्वेन स्फारयन्ती बलम्–प्र. हृ. टी., यथोक्तं – "तदाक्रम्य बलं मन्त्राः सर्वज्ञबलशालिनः। प्रवर्तन्तेऽधिकाराय करणानीव देहिनाम्॥ तत्रैव संप्रलीयन्ते शान्तरूपाः निरञ्जनाः। सहाराधकचित्तेन तेनैते शिवधर्मिणः॥"–स्प. का.।

तदुक्तं पूर्वगुरुभिः स्वभाषामयेषु क्रमसूत्रेषु–'यथा वह्निरुद्बोधितो दाह्यं दहति, तथा विषयपाशान् भक्षयेत्'

106 "बललाभे विश्वमात्मसात्करोति"–प्र. हृ., सू.।

107 "स्वशक्तिप्रचयोऽस्य विश्वम्"–शि. सू.।

यथा श्रीमङ्गलातन्त्रे – 'शक्तयोऽस्य जगत्कृत्स्नम्"

108 "अन्तः स्वानुभवानन्दा विकल्पोन्मुक्तगोचरा। यावस्था भरिताकारा भैरवी भैरवात्मनः॥ तद्वपुस्तत्त्वतो ज्ञेयं विमलं विश्वपूरणम्।"–वि. भै.।

107 "नहीच्छानोदनस्यायं प्रेरकत्वेन वर्तते। अपित्वात्मवलस्पर्शात्पुरुषस्तत्समो भवेत्॥" – स्प. का., 1/8 एवं "शिवतुल्यो जायते"–शि. सू.।

108 "ब्रह्मविद् ब्रह्मेव भवति"–

108 "तस्मिन् विज्ञाते सर्वमिदं विज्ञातं भवति"

109 "नेहाभिक्रमनाशोऽस्ति प्रत्यवायो न विद्यते।
स्वल्पमप्यस्य धर्मस्य त्रायते महतो भयात्॥"–भ.गी.।

110 "एषा ब्राह्मी स्थितिः पार्थ नैनां प्राप्य विमुह्यति।
स्थित्वास्यामन्तकालेऽपि ब्रह्मनिर्वाणमृच्छति॥"–भ. मी.।

दुःख सुखरूप, विष भी अमृत स्वरूप अर्थात् भोग में भी मोक्ष, विकल्पों का प्रसररूप संसार, अतएव संसरण, बंधन का कारण भी मोक्षरूप हो जाता है।[111] अतएव आत्म-साक्षात्कार का ही प्रयत्न करना, जिसका ब्रह्मर्षि याज्ञवल्क्य ने भी विदुषी मैत्रेयी को उपदेश दिया है।[112] माहेश्वराचार्य अभिनवगुप्त का भी मानना है कि आत्म-महेश्वर का बल लाभ ही परमार्थ तत्त्व है, क्योंकि स्वतंत्र चेतन महेश्वर (परमेश्वर) ही सभी रूपों एवं क्रियाओं में भासित होता है, अतः उसके अतिरिक्त कोई क्रिया अथवा फलादि नहीं है।[113]

MALINI - Quarterly Magazine

Annual Subscription : Rs.100.00
Price Per Copy : Rs.25.00
Overseas Subscription : US$25.00

All correspondence & subsciption must be sent to the Administrative Office :
Ishwar Ashram Bhawan
2-Mohinder Nagar
Canal Road
Jammu Tawi - 180 002.
Tel. : 553179, 555755

Information regarding printing & publishing, etc. can be had from Branch Office:
F-115, Sarita Vihar, New Delhi - 110 044
Phone : 6943307

---

111 ''दुःखान्यपि सुखायन्ते विषमप्यमृतायते।
मोक्षायते च संसारो यत्र मार्गः स शाङ्करः॥''–शि. स्तो.।

112 ''आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निधिध्यासितव्यो – बृहद्. उप., 2/4/5

113 ''तस्माच्चेतनः स्वतन्त्रः परमेश्वर एव तथा तथा भाति, इति न तद्व्यतिरिक्तं क्रियातत्फलादिकमिति सिद्धान्तः''–गी. अ. सं., 5/14

कश्मीर शैवदर्शन में तत्त्वों का निरूपण

- डॉ. वीना कुमारी

यूँ तो सभी भारतीय दर्शनों में तत्त्वों का विशेष महत्त्व हैं, किन्तु बाकी दर्शनों में अधिक से अधिक 25 तत्त्व माने गये हैं, जबकि कश्मीर शैवदर्शन में 36 तत्त्व माने गये हैं। ये तत्त्व परमतत्त्व की अभिव्यक्ति मात्र हैं। इन तत्त्वों का सम्बन्ध परमतत्त्व से सदैव बना रहता है। ये न तो शिव से अलग हैं और न एक दूसरे से, प्रत्युत् प्रत्येक तत्त्व में सभी तत्त्व उपस्थित हैं। जिस तरह उच्चतर तत्त्व निम्नतर तत्त्वों को अपने में सन्निहित किये रहते हैं, उसी तरह निम्नतर तत्त्व भी अपने सभी उच्चतर तत्त्वों को समाहित किये रहते हैं। 'विज्ञान भैरव' में भी कहा गया है कि पूर्व तत्त्व उत्तर तत्त्वों में सर्वत्र व्यापक भाव से अवस्थित रहते हैं, जैसे घट इत्यादि में मिट्टी रहती है।[1] ये तत्त्व सांख्य की तरह विषयात्मक या मनोवैज्ञानिक नहीं हैं। शैव दार्शनिक मानते हैं कि ये तत्त्व सत्य हैं और यौगिक अनुभव द्वारा जाने जा सकते हैं।

(1) **शिवतत्त्व** : परमशिव की दो अवस्थितियाँ हैं – विश्वोत्तीर्ण और विश्वमय। परमशिव का सर्जनात्मक विश्वमय रूप ही शिवतत्त्व कहा जाता है। परमशिव जब अपने स्वरूप को ही अखिल विश्व रूप में अवभासित करने की इच्छा करता है तब उसकी विश्वोन्मीलन की उस आद्या अवस्था को ही शिवतत्त्व कहते हैं। परमशिव का प्रथम स्पन्द ही शिवतत्त्व कहलाता है।[2] तन्त्रसार के अनुसार पंचशक्ति स्वभाव परमशिव में चित् शक्ति का प्राधान्य होने पर वह शिवतत्त्व कहलाता है।[3] इसमें अनुभव का प्रत्यय 'अहम्' होता है।

(2) **शक्ति तत्त्व** : वास्तव में शिव और शक्ति में कोई भिन्नता नहीं है, दोनों में भिन्नता मात्र व्यवहारिक स्तर पर है। प्रकाशात्मा शिव का विमर्श रूप ही शक्ति तत्त्व है। जब परमशिव के हृदय में सृष्टि की इच्छा उत्पन्न होती है, तब शिव और शक्ति तत्त्व अभिव्यक्त होते हैं। तन्त्रालोक में कहा गया कि शिव की बाह्योन्मुखरूप क्रिया ही शक्ति तत्त्व है।[4] इस प्रकार स्पष्ट है कि शिव और शक्ति में कोई भिन्नता नहीं है। शिवतत्त्व में

---

[1] "क्रमेऽपि च पूर्व-पूर्व उत्तरत्र व्यापकतया स्थितं मृदिव घटादौ"। – वि. भै. वि., पृ. 47

[2] "यदयमनुत्तरमूर्तिर्निजेच्छयाऽखिलमिदं जगत्स्रष्टुम्। पस्पन्दे स स्पन्दः प्रथमः शिवतत्त्वमुच्यते तज्ज्ञैः ॥ – ष. त्रि. त. सं., पृ. 1, श्लो. 1

[3] "चित्प्रधान्ये शिवतत्त्वम्"। – तं. सा., पृ. 74

[4] "तस्य बहिरौन्मुख्येन व्यापारः शक्तितत्त्वम् "। – तं., लो., भा. 6, पृ. 50-51

जो केवल 'अहम्' का आभास होता है, शक्तितत्त्व में वही अनुभव 'अहमस्मि' रूप ग्रहण कर लेता है क्योंकि शक्ति के कारण ही शिव को अपना बोध होता है।

(3) **सदाशिव तत्त्व** : परमशिव में जब इच्छा का प्राधान्य होता है तब वही परमेश्वर सदाशिव तत्त्व कहलाता है। इस सदाशिव तत्त्व के अधिष्ठाता भगवान् शिव होते हैं। उनके उन्मेष से सृष्टि होती है और निमेष से लय होता है। इसी उन्मेष के कारण सदाशिव तत्त्व की अभिव्यक्ति होती है। सोमानन्द के अनुसार इच्छा का प्राधान्य शक्ति तत्त्व में होता है; सदाशिवतत्त्व में परमेश्वर की ज्ञानशक्ति का प्राधान्य रहता है।[5] इस अनुभव का स्वरूप 'अहम्-इदम्' होता है। अहम् तत्त्व का प्राधान्य होता है और इदम् तत्त्व अस्फुट रहता है। सदाशिव तत्त्व सृष्टि के विकास में प्रथम तत्त्व है।[6]

(4) **ईश्वर तत्त्व** : जब परमशिव में ज्ञान शक्ति का प्राधान्य होता है, यही ईश्वर तत्त्व की अवस्था कही जाती है।[7] यहाँ सृष्टि रचना का विचार स्पष्ट हो जाता है। शिव, शक्ति और सदाशिव तत्त्व परमशिव के आन्तरिक सम्बन्ध की अवस्था है, जबकि ईश्वर तत्त्व उनके बाह्यीकरण की अवस्था है। इस तत्त्व के प्रमाता 'मन्त्रेश' कहलाते हैं। इस अवस्था का अनुभव 'इदम्-अहम् है। इस स्तर में रहने वाले प्राणी मन्त्रेश्वर कहलाते हैं। यह विश्व के भेदाभेदात्मक अनुभव की अवस्था होती है।

(5) **शुद्धविद्या** : इस अवस्था में आत्मा अपने आपको शुद्ध संवित्-स्वरूप समझता रहता है। वह अपने स्वरूप के विषय में अनभिज्ञ नहीं होता परन्तु प्रमेय तत्त्वों को अन्य प्राणियों से पृथक् समझता है। यहाँ माया का प्रभाव अंशतः होता है किन्तु आत्मा पर इसका प्रभाव नहीं पड़ता। इस अवस्था में अनुभव के 'अहम्' और 'इदम्' दोनों रूपों में ऐक्य की अनुभूति होती है। इस अवस्था में क्रिया शक्ति की प्रधानता होती है।[8] वास्तव में यह भेदाभेदमयी दशा होती है। जहाँ 'अहम्' और 'इदम्' में पूर्णता अभेद भी होता है परन्तु इनमें भेद भी किया जा सकता है। इस अवस्था के प्राणी विद्येश्वर कहलाते हैं। जिस प्रकार परमशिव का बहिः औन्मुख्य शक्तितत्त्व कहलाता है, उसी प्रकार सदाशिव और ईश्वर का बाह्य औन्मुख्य शुद्धविद्या तत्त्व कहलाता है।[9]

---

[5] "बिभर्त्ति रूपमिच्छातः कदाचिज्ज्ञानशक्तिः। सदाशिवत्वमुद्रेकात् कदाचिदैश्वरी स्थितिम्। – शि. दृ.।

[6] "सृष्टिक्रमोपदेशादौ प्रथममुचितं तत्सादाख्यं तत्त्वम्"। – ई. प्र. वि. भा. 2, पृ.।

[7] "ज्ञानशक्ति प्राधान्ये ईश्वर तत्त्वम्। – तं. सा., आह. 8, पृ.।

[8] "क्रियाशक्ति प्राधान्ये विद्या तत्त्वम्" । – तं. सा., भा. 8, पृ.।

[9] "यद्यपि परमशिवस्यैवेवमेकघनमैश्वर्यं तथापि तस्य यथा बाहिरौन्मुख्येन व्यापारः शक्ति तत्त्वं तथा सदाशिवेश्वरयोरपि विद्या तत्त्वम्"। – तं. टी. भ. 6, पृ.।

(6) माया : माया परमेश्वर की स्वातन्त्र्य शक्ति है, जो भेद दशा का अवभासन करने के कारण माया शक्ति कहलाती है।[10] इसे परमेश्वर की स्वरूपगोपनात्मिका इच्छाशक्ति भी कहा जाता है[11], जो भट्टारक शिव से अभिन्न रहकर भेद-जगत् का अवभासन करती है। मायातत्त्व की सृष्टि का मूल कारण परमशिव की इच्छा ही है। यह एक वस्तु-भूत तत्त्व है जो परमेश्वर के स्वरूप के ऊपर पर्दा डालकर उसे छिपा देती है। इस प्रकार अभेदस्वरूप शिव में भेद का स्फुट अवभास इस माया के द्वारा उत्पन्न कर दिया जाता है। भेद दृष्टिमयी माया के प्रभाव से इस स्तर पर उतरा हुआ शिव अपने प्रमातृ अंश 'अहम्' को अपने प्रमेय अंश 'इदम्' से सर्वथा भिन्न समझने लगता है। इस अवस्था में उसकी अभेद दृष्टि लुप्त हो जाती है जिसके फलस्वरूप भेद दृष्टि से देखता हुआ शुद्ध 'अहं' रूपी अपनी संवित् स्वरूपता को भूल जाता है और अपने आपको संकुचित संवित् के रूप में समझने लगता है एवं अपने प्रमेय अंश 'इदम्' को अपने से पृथक् समझता है।

शिव से लेकर शुद्धविद्या पर्यन्त शुद्ध-अध्वा के तत्त्वों का स्रष्टा स्वयं परमशिव होते हैं किन्तु माया से लेकर अशुद्ध सृष्टि के स्रष्टा भगवान् अनन्तनाथ होते हैं। भगवान् अनन्तनाथ माया में क्षोभ उत्पन्न कर उसको विस्तृत कर पाँच तत्त्वों के रूप में बना देते हैं। ये तत्त्व माया के कञ्चुक कहलाते हैं, जो क्रमशः कला, विद्या, राग, काल और नियति नामों से जाने जाते हैं।

(7) कला : जिस समय माया से मितात्मा का पूर्ण-प्रकाशस्वरूप आवरणित हो जाता है, उस समय उसकी क्रियाशक्ति भी संकुचित हो जाती है और उसे अपने में कुछ ही कर सकने के 'परिमितकर्तृत्व' का अनुभव होता है।[12] अतः परमेश्वर की सर्वकर्तृत्वसंकोचिनी शक्ति का नाम कला है।

(8) विद्या : इस अवस्था में परमेश्वर का सर्वज्ञत्व संकुचित होकर अल्पज्ञत्व में परिवर्तित हो जाता है। इस स्थिति में जीव कुछ ही जान सकता है। अतः प्रमेयों को अपने से सर्वथा भिन्न समझता है।

(9) राग : राग तत्त्व पूर्णत्व को परिमित करके पुरुष में इच्छा या कामना का उदय करता है। इसके कारण ही प्राणी भोगों में आसक्त होते हैं, और उनके मन में भोग के

---

10 "परमेश्वरस्य भेदावभासने स्वातन्त्र्यं तदेवाव्यतिरेकिणी अपूर्णता-प्रथनेन मीनाति हिनस्ति इति मायाशक्तिरुच्यते"॥ –तं. आ., टी. भा. 6, पृ.।

11 "माया स्वरूपगोपनात्मिका पारमेश्वरी इच्छाशक्तिः"। –तं. आ. वि., भा. 3, पृ.।

12 "तत्सर्वकर्तृता सा संकुचित कतिपयार्थमात्रपरा।
किंचित्कर्तारममुं कलयन्ती कीर्त्यते कला नाम"॥ – षट्., त्रिं. त. स., श्लो.।

साधन इन्द्रिय आदि के स्थायित्व की कामना सदा बनी रहती है। यही रागतत्त्व मितात्मा को भेदगत भोगों में अनुरञ्जित करता है।[13]

(10) काल : परमेश्वर के नित्यत्व का संकुचित होकर भूत, वर्तमान और भविष्य में परिछिन्न हो जाना 'काल-तत्त्व' कहलाता है। इसी तत्त्व के कारण जीव भूत, वर्तमान और भविष्य की क्रमरूपता में फंस जाता है। माया के प्रभाव से जब काल शक्ति की अभिव्यक्ति होती है, तब मितप्रमाता पहले अपनी देह रूप आत्मा में इस प्रकार क्रम रूपता का अनुभव करने वाला लगता है कि 'मैं कृश था' 'मैं स्थूल होऊँगा आदि नाना प्रकार की कल्पनाएँ कालतत्त्व के द्वारा ही हुआ करती हैं।

(11) नियति : विद्या और कला का नियमन राग कहलाता है और राग का यह नियमन नियति कहलाता है। नियति के नियमों के अनुसार ही जीव में वस्तु विशेष के प्रति राग का उदय होता है। वास्तव में यह नियति ही सबकी नियामिका है। इसी के कारण प्रत्येक प्राणी अपने पूर्व कर्मों के फल को भोगने के लिए बाध्य बना रहता है। वास्तव के नियति तत्त्व परम स्वातन्त्र्य एवं व्यापकत्व को सीमित कर एक निश्चित नियमितता का प्रचार करता हे।

(12) पुरुष तत्त्व : वास्तव में पुरुष तत्त्व शिव ही है, किन्तु माया एवं उसके पञ्च कञ्चुकों के प्रभाव से सीमित होकर विषयी का रूप ग्रहण करने से संसारी बन जाता है। इस अवस्था में आत्मा सीमित हो जाता है और अपने मूल स्वरूप को भूल जाता है। उसकी चित्, आनन्द, इच्छा, ज्ञान और क्रिया शक्तियाँ सीमित होकर कला, विद्या, राग, काल, नियति का रूप धारण कर लेती हैं। जब तक उसे शिव भाव के स्वातन्त्र्य का बोध नहीं होता तब तक वह अनेकानेक योनियों में संचरण करता हुआ अपने कर्मों के अनुसार सुख-दुःख आदि को भोगता रहता है।[14] आत्मस्वभाव की पूर्णता की अभिव्यक्ति हो जाने पर वह मुक्त हो जाता है।

(13) प्रकृति : यह प्रकृति शिव की शान्ता शक्ति है और सत्त्व, रजस् तथा तमस् की साम्यावस्था है जोकि शिव की ही ज्ञान, इच्छा और क्रिया नामक त्रिविध शक्तियों के स्थूल रूप हैं। अतः जो तत्त्व माया प्रमाता को 'इदम्' के रूप में भांसित करता है, उस प्रमेयतत्त्व का नाम प्रकृति है।

(14) बुद्धितत्त्व : तीनों गुणों की साम्यावस्था ही प्रकृति कहलाती है। जब प्रकृति

---

[13] "रागोऽपि रञ्जयत्येनं स्वभोगेष्वशुचिष्वपि"। – मा. वि. तं., 128

[14] "परिमितात्मा स स्वात्मैश्वर्यमपि प्रत्यभिज्ञातुमपटुः संचरति विचित्रयोनिषु"। – ष. त्रि. त. सं., वि., पृ।

में क्षोभ उत्पन्न होता है तो सबसे पहले सत्त्वगुणप्रधान बुद्धि या महत् तत्त्व के रूप में प्रकट होती है। बुद्धि तत्त्व एक स्वच्छ एवं जड़ तत्त्व होता है, जिसके कारण यह अगली सृष्टि में सन्निहित वस्तुओं के प्रतिबिम्ब को धारण कर सकता है।

(15) अहंकार : जीव का यह अभिमान कि 'यह मेरा है', यह मैं हूँ, 'मैं करता हूँ', 'यह मेरा नहीं है', इस प्रकार का संकल्प ही 'अहंकार' तत्त्व कहलाता है। यह भी 'अहम्' ही है, परन्तु 'पूर्ण अहम्' स्वाभाविक है, और बुद्धि का विकास यह 'अहम्' कृत्रिम है। यह रजोगुणप्रधान माना गया है।

(16) मन : यह अहंकार का परिणाम है और मनुष्य के संकल्प-विकल्प का कारण है। जीव की मननशक्ति का नाम ही मन है। यह मन आन्तरविषयों का ज्ञान स्वतन्त्र रूप से तथा बाह्य विषयों का ज्ञान इन्द्रियों के सहयोग से करता है।

(17-21) ज्ञानेन्द्रियाँ : प्रकृति को त्रिगुणात्मिका कहा गया है। इस प्रकार इसके समस्त विकास त्रिगुणात्मक हैं। अतः अहंकार भी त्रिगुणात्मक है। इस अहंकार के सत्त्व अंश से पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ उत्पन्न होती हैं। ये ज्ञानेन्द्रियाँ पुरुष को भिन्न - भिन्न प्रकार की क्षमतायें हैं जो उसके भिन्न-भिन्न व्यवहारों की साधन बनती हैं।

I. श्रोत्र पुरुष के सुनने की क्षमता को कहते हैं।

II. शीत, उष्ण, नर्म, कठोर आदि स्पर्शों को जानने की पुरुष की क्षमता को त्वक् या त्वचा कहते हैं।

III. रूप, वर्ण, आकार आदि जानने की पुरुष की क्षमता को चक्षु कहते हैं।

IV. खट्टा, मीठा, नमकीन आदि स्वाद जानने का साधन रसना है।

V. गन्ध को जानने वाले पुरुष के ज्ञान को घ्राण-इन्द्रिय कहते हैं।

(22-26) कर्मेन्द्रियाँ : अहंकार के रजस्भाग से पाँच कर्मेन्द्रियाँ आविर्भूत होती हैं। इन कर्मेन्द्रियों के सहारे ही पुरुष किसी कार्य में समर्थ होता है।

I. वाक् उसके बोलने का साधन है।

II. पाणि-इन्द्रिय उसके ग्रहण करने की क्रिया का साधन है।

III. गमन करने, आने-जाने अथवा चलने-फिरने की क्रियाओं का साधन पादेन्द्रिय कहा जाता है।

IV. मलत्याग की क्रिया का साधन इन्द्रिय पायु कहलाती है।

V. विषय आनन्द को अभिव्यक्त करने की क्रिया का साधन इन्द्रिय उपस्थ

कहलाती है।

(27-31) पञ्च तन्मात्राएँ : अहंकार के तामस् अंश से पाँच सूक्ष्म विषयों की अभिव्यक्ति होती है। ये विषय अत्यन्त सूक्ष्म होते हैं, जिन्हें तन्मात्राएँ कहते हैं। इनके नाम शब्द स्पर्श, रूप, रस और गन्ध हैं। ये भी द्रव्य हैं किन्तु सामान्य जन के अनुभव से परे हैं।

(32-36) पञ्च महाभूत : पंचतन्मात्राओं के विकसित स्थूल रूप ही आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी नामक पंचमहाभूत हैं। आकाश का गुण शब्द है। वायु स्पर्श गुण प्रधान है, अग्नि रूप प्रधान, जल रस प्रधान और पृथ्वी गन्ध प्रधान हैं।

संक्षेप में हम यह कह सकते हैं कि कश्मीर शैवदर्शन के अनुसार ये तत्त्व प्रकृति का विकास होते हुए भी अन्ततः परमशिव की ही अभिव्यक्तियाँ हैं। इस दर्शन के अनुसार ये सभी तत्त्व परमशिव की विभिन्न अवस्थाओं के विभिन्न रूप ही हैं। इनका अपना पृथक् कोई अस्तित्त्व नहीं होता है।

गौरी स्तुतिः

भाषानुवादक
स्वर्गीय नाथराम शास्त्री
(संस्कृत भाषा के महान विद्वान् तथा
कर्मकाण्ड के प्रकाण्ड पंडित थे)
कश्मीरी पद्यांतर
(श्री दामोदर नेहरू)

लीलारब्ध - स्थापित लुप्ताखिललोकां लोकातीतैर् योगिभिर् अंतर्-हृदि मृग्याम्।
बालादित्य - श्रेणि समान - द्युति पुजां, गौरीं अंबां अंबुरुहाक्षीं अहं ईडे॥1॥

लीला से आरब्धं - उत्पन्न किया है **स्थापित** - रक्षा की है लुप्त-नाश किया है **अखिल लोकां** - सब लोक को, सब जगत को, जिसने उसको; **लोक-अतीतैः**-(लोकों से अतीत हुए हैं) लोकोत्तर दृष्टिवाले, **योगिभिः**-योगियोंसे **अन्तर्हृदि**- हृदय के बीच, **मृग्याम्**-ढूंढी जाती है जो उस को **बाल**-छोटे अर्थात् प्रभात के **आदित्य**- सूर्य के, **श्रेणि** - समूह के **समान द्युति** - ज्योती की **पुंजां** - राशी जो है उस **अम्बां** - मां को **अंबुरुहाक्षीम्** - कमल

के से नेत्र हैं जिस के उसका अहंईडे--मैं स्तुति नमस्कार करता हूं।
मैं उस कमल से नेत्रों वाली जगदम्बा पार्वती जी को प्रणाम और स्तुति करता हूं जो लीला से अनायास ही भूः भुवः स्वः आदि लोकों को उत्पन्न करती है रक्षा करती है और अपने समय पर लय भी करती है और जिसको लोकोत्तर दृष्टिवाले योगी अपने हृदयों में ही खोज निकालने का यत्न करते हैं और जिसका तेज अनंत प्रभात सूर्यों के अति-मनोहर प्रकाश के समान है॥

लीलायि किन्य यम्य लोक उपदअव्यन ललबिथ सारी लय करान
लोकन ह्युर गमत्य योगीजन यिमिस हृदयस मंज छारान
बाल सूर्यन हंजन तंदलन सम यस ज्योतीहन्द्य लअद्य आसान
पंपोश फुलिमत्य जन नेत्र यस तस माजि गौरी छुस व नमान॥

आशा-पाश-क्लेश-विनाशं विदधानां पादाम्भोज-ध्यान पराणां पुरुषाणां।
ईशीं ईशार्धागहरां तां तनुमध्यां गौरी.॥2॥

पाद अंभोज - चरण कमलों के, ध्यान पराणां पुरुषाणाम् - ध्यान पर लगे हूए पुरुषों के आशापाश क्लेश बिनाशं-आशा की फांसी के क्लेश या कष्ट का नाश, विदधानाम् - करने वाली जो है उस को; ईशीम्-सब सामर्थ्यों वाली ईश्वरी को, ईश अर्ध अङ्ग हरां - ईश्वर के अर्ध शरीर को लेने वाली जो है उस को, जो ईश्वर के साथ एकसाथ वा समान है। तां तनुमध्याम्-उस पतली कमर वाली को (पतली कमर वाली से प्रयोजन मध्य नाड़ी या चित् शक्ति से है जो अन्दर से हर एक शरीर में और बाहिर से सब के मध्य में रहती है)

चरण कमलों के ध्यान पर लगे हुए पुरुषों की नाना प्रकार की आशाओं की फांसी के कष्ट को मिटाने वाली और सब सामर्थ्यों वाली ईश्वरी जो परमेश्वर की अर्धाङ्गिणी है और जो प्रति जीव की मध्य नाड़ी में परम सूक्ष्म रूप से तथा बाह्य से सारे विश्व में विराजमान है, उस जगत माता को मैं प्रणाम करता हूं

पंपोषि पादन हंदिस घ्यानस लग्यमत्य यिम रत्य जन आसान
तीहुंद्यन आशापाशन हुंद्यन क्लेशन हुंदयस खुर कासान
(आशा तृष्णा दुःख दद्यि अनिघटय खुर्य नाव सारिय छक कासान)
जाव्युल मध्य यस राजऋनि माजि सानि स्वामियस अर्धभाग यसु आसान
(सूक्ष्म खुत सूक्ष्म मध्यधामशक्ति यस ईश्वरस सम आसान)॥ पम्मोश फुल्य.

प्रत्याहार - ध्यान - समाधि - स्थिति - भाजां नित्यं चित्ते निर्वृति - काष्टां कलयन्तीम्।

सत्यज्ञानांनदमयीं तां तडित् आभां गौरीमम्बां॥3॥
प्रत्याहार - इद्रियों को विषयों से हटा कर लाना, ध्यान मन को एकाग्र करना समाधि - माता के चरणों में मग्न होना, स्थिति – इन नियमों के, भाजाम् - सेवन करने वालों को नित्यं - सदा चित्ते - मन में निर्वृति काष्टाम्-मोक्ष सुख की परादशा को, कलयन्तीम् - बनाने वाली जो है उस को ; सत्य - ज्ञान - आनंद - मयीं-सत् चित् आनंद स्वरूप जो है उस को:, तडित् आभास्-बिजली की सी शोभा जिस की है, तां-उस को।
यम, नियम, आसन, प्राणायाम, आदि अष्टाङ्ग योगों - के नियमों के पालन करने वाले सज्जनों के आशा तृष्णा आदि दुःखों को मिटाने वाली और उन के चित्तों में समाधि सुख की परा काष्टा को उत्पन्न करने वाली सच्चिदानंद स्वरूप, और बिजली की सी शोभा रखने वाली जगन्माता गौरी को मैं प्रणाम करता हूं।
इंद्रिय जीनित, ध्यान द्यअरिथ यिम मन लय करनस पर आसान
तिहंद्यन चित्तन मंज सदा पंरा काष्टा संव्यथरुपज़च उपदावान
सत - चित - आनंदमय वुज़मल जन
(केवल योगी यस पावान)। पंपोश फुल्यिमत्य.

चंद्रापीडानंदित - मन्द - स्मित क्वत्रां चंद्रापीडालङ्कृत - लोलालक - भारां
इन्द्रोपेन्द्राभ्यर्चित - पादाम्बुज - युग्मां गौरी.॥4॥
चंद्र.आपीड - चंद्रमा शिरोभूषण वाले शिवजी महाराज को, आनंदित हर्ष-देने वाला, मंद - स्मित -वक्त्रां - जरा सी हंसी वाला मुख जिस का है उस को (अथवा शिवजी महाराज के आनंदित होने से मंद मुस्कान से शोभित मुख है जिस का उसको) चंद्र आपीड-शिरो भूषण चंद्रमा से अलङ्कृत शोभित, लोल, अलक, मारां-चंचल केश पाश हैं जिसके अथवा गुंघराले बाल हैं जिस के उस को; इंद्र उपेंद्र-इंद्र और विष्णु भगवान से, अभ्यर्चित-पूजा किये हुए पाद अम्बुज युग्मां-पाद कमलों की जोड़ी है जिस की उस को।
अपने स्वामी वा स्वात्मदेव से प्रहर्षित होकर मंद मुसकान से शोभित मुखवाली अथवा अपने स्वामी शिवजी महाराज को ही अपनी सहचर्या से प्रफुल्लित पाकर आप भी अतिहर्ष से विकसित मुखवाली और माया के जटिल पाशों से सुशोभित शिर वाली जगन्माता श्री गौरी जी के चरण कमलों की पूजा अति उत्साह के साथ इंद्र और विष्णु भगवान जेसे उच्च पदवी के देव भी करते हैं उसी माता के चरणों को मैं प्रणाम करता हूं॥
शिवजी यस वुच्छित हर्षस गोमुत (शिवजीयस वुछत हर्षस गामुच)
सोनय असुवनि मुख आसान शेरकि भूषण चंद्रम किन्य यस

चंचल केश पाश शोभायमान (कांकनि मस छुस शोभायमान)
यस भिथि चरणारबिन्दन हंदि जोरि पूजान इंदर तु श्रीनारान। पंपोश फुल्यिमत्य.

नानाकारैः शक्ति - कदम्बैर् भुवनानि व्याप्य स्वैरं क्रीडति यासौ स्वयम् एव
कल्याणीं तां कल्पलताम् आनति - भाजां गौरी.॥5॥

नाना आकारैः शक्ति कदम्बैः-नाना आकारों वाली शक्तियों के समूहों से, या असौ-जो वह भुवनानि-सब भुवनों को, व्याप्य-व्याप्त करके, स्वैरं-स्वंतत्रता से, अपनी इच्छा से स्वयं-एव आप ही, क्रीडति-खेलती है; कल्यांणीं-मङ्गल के स्वरूप वाली, जगत को सुख देने वाली जो है उस को। आनति भाजाम्-नम्रता से सेवा करने वालों को कल्पलतां-सब मनोरथों को सिद्ध करने वाली कल्प वृक्ष की वेल जैसी जो है ताम्-उस को।

जो भगवती नाना रूप वाली अनंत शक्तियों से चतुर्दश भुवन को ओत प्रोत करके स्वेच्छा से आपही किसी की सहायता के बिना (अथवा आप एक जैसी रहकर) सृष्टि स्थिति और संहार का खेल रचती है, और जो भक्तजन नम्र होकर उस की पूजा करते हैं, उन के योग क्षेम रूप सब मनोरथों को वह सिद्ध करती है, उसी माता गौरी को में प्रणाम करता हूं।

अंत रछु शक्तीयन हुंदि नाना रूप यस व्यापितछु त्रन जगतन
पननी इच्छायि पानय खेलान॥ त्रन भुवनन सुख दीवान
बडि आर्चर किन्य् यिम छिस पूजान कल्प थर कामनायि छक पूरान। पंपोश फुल्यिमत्य.

मूलाधारात् उत्थितवन्तीं विधिरन्ध्रं सौरं चान्द्रं धाम विहाय ज्वलिताङ्गीम्
ध्येयां सूक्ष्मां सूक्ष्मतनुं तां तडित् आभां गौ.॥6॥

मूलाधारात-मूलाधार से उत्थितवंतीं-उठी हुई सौरं चान्द्रं धाम विहाय-सूर्य और चंद्रमा का प्रकाश छोड़कर विधि रंध्रम्-ब्रह्मरंध्रं, सहस्त्रार को पहुंची हुई, ज्वलित अङ्गीम्-प्रकाशमान स्वरूप जिस का है, ध्येयां-जो ध्यान के योग्य है, सूक्ष्मां-जो सूक्ष्म है; सूक्ष्म तनुं-जो सूक्ष्म शरीर वाली वा अति सूक्ष्म स्वरूप वाली है तडित् आभां-बिजली की सी शोभा है जिस की तां-उस को मूलाधार से उठ कर जो कुण्डलिनी शक्ति इडा, पिङ्गला, नाडियों, अथवा प्राण और अपान रूप सूर्य और चंद्रमा के प्रकाशों को उल्लङ्घन करके ब्रह्मरंध्र अर्थात् सहस्त्रार में जगमगाती है, जो सूक्ष्म अति सूक्ष्म स्वरूप वाली बिजली की भांति है, और जिस को, योगी ध्यान से प्राप्त कर सकते हैं, उस माता गौरी की मैं बंदना करता हूं।

मूलाधार प्यठ नीरित युसु न्यथ ब्रह्म रंध्रस मंज गाह त्रावान
सूर्य चंद्र संज ज्योती त्राविथ यस पनने गाश न्यथ चमकान

ज़विज्य, वार्याह ज़विज्य शक्ती बुजमल जन युस न्यथ प्रजलान
स्थूल, सूक्ष्म सूक्ष्म खुत सूक्ष्म युस प्रणामस योग्य आसान। पंपोश फुल्यिमत्य.

आदिक्षान्ताम् अक्षरमूर्त्या विलसन्तीं भूते भूते भूत - कदम्बं प्रसवित्रीम्
शब्दब्रह्मानन्दमयीं तां प्रणवाख्यां। गौ.॥7॥

आदि 'अ' से लेकर क्ष अन्ताम्-'क्ष' तक अर्थात् स्वरूप वाली, अक्षर मूर्त्या-अक्षरों के रूप से, विलसन्तीं-चमकने वाली को; भूते-भूते सब महा भूतों अथवा हर एक प्राण - धारी में, भूत कदम्ब-जीवों के समूहों को प्रसवित्रीम्-उत्पन्न करती है जो शब्द ब्रह्म बेदों के आनन्द मयीम्-आनंद के स्वरूप वाली जो है प्रणव आख्याम्-प्रणव, ओंकार जिसका प्रशस्त नाम है उस को;

जो स्वर व्यंजनमय वर्णमाला के रूप से विकसित हुई है, जो आकाश, वायु आदि पंच महाभूतों में नाना प्रकार के स्थावर जङ्गम रूप सृष्टि को उत्पन्न करती है, और जो सब विद्याओं, भांति भांति की बोलियों, और शब्दों के आनंदमय स्वरूप वाली है और जिस का वाचक ओंकार है, उसी माता गौरी को मैं प्रणाम करता हूं॥

'अ' प्यठ 'क्ष' स ह्यथ यिम अछर तिहंदी रूप युस अन्यथ उल्लसान
प्रथ कुनि भूतस आश्रित यस मोज्य जीवन हुंद्य ख्यल्य उपदावान
शब्द ब्रह्म आनंद मय सुय माता ओंकार यम्य सुंद नाव आसान। पपोश फुल्यिमत्य.

यस्याः कुक्षौ लीनम् अखंड जगत् अण्डं भूयो भूयः प्रादूरभूत अक्षतम् एव
भर्त्रा सार्धं तां स्फटिकाद्रौ विहरन्तीं। गौ.॥8॥

यम्याः-जिस के कुक्षौ-उदर में, लीनम्-लीन हुआ या छुपा हुआ, अखष्डम्-सारे का सारा जगत् अण्डम्-ब्रह्माण्ड, भूयो भूयः,-बार बार अक्षतम् एव-न टूटा हुआ ही, संपूर्ण ही, प्रादुरमूत-प्रकट हुआ, स्फटिक अद्रौ-स्फटिक अद्रि पर अर्थात् स्फटिक विशेष के रत्नों के पहाड़ कैलास पर (परमार्थ ब्रह्म रंध्र से है) भर्त्रा सार्धं-भर्ता के साथ 2 वा भर्ता का अर्ध भाग होकर, विहरन्तीं-विहार वा लीला करने वाली है जो. तां उस को।

कल्पांत समय जिस के भीतर अखण्ड ब्रह्माण्ड वारं वार बीज रूप से लीन होकर कल्पों के आदि में पुनः पुनः ज्यों का त्यों प्रकट होते हैं और जो अपने स्वामी महादेव के साथ साथ रहकर वा अमित्र होकर कैलास पर अथवा प्रति जीव के सहस्रार में विलास करती है उसी माता गौरी के चरण कमलों में मैं प्रणाम करता हूं॥

यसँदिस उदरस मंज लीन गामत्य अखंड ब्रह्माण्ड रोजान छि
भियि भियि तिमय प्रकट बनित पूरण भावस प्रावाण छि

भर्ता ह्यथ युस कैलाससप्यठ आसान अभिन्न फेरान छि। पम्पोश फुल्यिमत्य.

यस्याम् एतत् प्रोतम् अशेषं मणिमाला सूत्रे यद्वत् क्वापि चरं क्वाप्यचरं च
तां अघ्यात्म – ज्ञान-पदव्यागमनीयां। गौरी.॥9॥

यद्वत्-जिस तरह, सूत्रे-दागे में मणिमाला-रत्नों की माला, (पिरोई गई हो उसी प्रकार) यस्याम्-जिस में एतत्-यह अशेषं-सारे का सारा, क्वापि-कहीं चरम्-चलने वाले, जङ्गम, क्वापि-कहीं, अचरम् च-न हिलने वाले, स्थावर रूप से भी, प्रोतम्-पिरोया गया है; अध्यात्म ज्ञान-आत्म ज्ञान वा ब्रह्म ज्ञान की, पदव्या-पदवी, स्थिति से गमनीयाम्-प्राप्त हो सकती है जो, ताम्-उस को;

जिस माता में यह सारा स्थावर जङ्गम रूप जगत् दागे में पिरोई हुई मणिमाला जैसा स्थित है और जिसका साक्षात्कार सामान्यतः आत्म ज्ञान द्वारा ही हो सकता है उसी माता गौरी के चरणों में मैं प्रणाम करता हूं।

यस मंज कुनि चर कुनि थावर रूप सोरूय जगत वुरन आमुत छु
यिथ पाठ्य सूत्रस मंज रत्नन हंज माला शोभा धारान छि
ब्रह्म ज्ञान पदवी किन्य प्रावनी युस (भक्तन लोल किन्य् घारान छि) पम्पोश फुल्लिमत्य.

नित्यः सत्यो निष्कल एको जगत् ईशः साक्षी यस्याः सर्ग – विधौ संहरणे च
विश्वत्राण-क्रीडन-शीलां शिव-पत्नीं। गौरी.॥10॥

यस्याः-जिस भगवती की, सर्ग विधौ = सृष्टि रचने की विधि पर, संहरणे-संहार करने की क्रिया पर, च-भी, नित्यः-सदा अटल सत्यः-सत्य स्वरूप निष्कल-सब कलनाओं से रहित, निर-अवयव ब्रह्म, एकः-एक केवल, अद्वितीय जगत् ईशः-जगत् का ईश्वर, शंभु महाराज साक्षी-देखने वाला; है विश्व त्राण-जगत की रक्षा के, क्रीडन्-खेल करने के, शीलाम्-स्वभाव वाली जो है उस को; शिव पत्नीम्-शिवजी महाराज की जो अर्धाङ्गिनी है उस को.

सत्य स्वरूप नित्यस्थाई अद्वितीय निरवयव परं ब्रह्म जिस अपनी शक्ति की सृष्टि, स्थिति, संहार आदि लीला का साक्षी है और चतुर्दश भुवन की तात्विक रक्षा ही जिस की लीला का प्रयोजन है उस माता गौरी के चरणों में हार्दिक प्रणाम करता हूं।

सृष्टि थ्यत संहार यम्य संज लीला साक्षी रूजित वुछान छु
नित्य सत्य कवल निष्कल ईश्वर ती ती डीशित फुल्लान छु
जगतस रछनचि लीलायि करवन्य शंभू संज यस शक्ती छै। पंपोश फुल्यिमत्य.

प्रातः काले भावविशुद्ध प्रणिधानात् भक्त्या नित्यं जल्पति गौरीदशकं यः
वाचां सिद्धिं सम्पदम् उच्चैः शिवभक्तिं तस्यावश्यं पर्वत-पुत्री विदधाति। गौरी. ॥11॥

प्रातः काले-प्रभात समय को, यः-जो, भाव विशुद्धः-शुद्ध अंतः करण वाला, प्रणिधानात्-समाहित होकर, प्यार देकर, नित्यं-हर एक दिन, सदा, भक्त्या-भक्ति से गौरीदशकं -गौरी माता की दस (श्लोकों वाली स्तुति) जल्पति बोलता जाता, है पाठ करता है, पर्वत पुत्री-पार्वती जी तस्य अवश्य उस को अवश्य, वाचां सिद्धिं-वाक सिद्धि, संपदम्-संपदा (और) उच्चैः उत्तम, शिवभक्तिं-परमात्मा की भक्ति, विदधाति दान करती हैं।

जो शुद्ध अंतःकरण वाला भक्तजन समाहित होकर प्रति दिवस प्रभात समय को भक्ति से श्री गौरी माता की इन दस श्लोकों वाली स्तुति का पाठ करता है उस भाग्यवान को श्री पार्वती जी, अवश्य वाक् सिद्धि संपदा और शिवजी महाराज की उत्तमोत्तम भक्ति देकर – कृतार्थ करती है।

प्रातः कालस ध्यान दिथ युस न्यथ शुद्ध मन पजि लोलु परान छु
योग ज्ञान भक्ती दह यिम वाक गौरी हंज यसु तोता यछ
अवश्य तमिस जगतच़ माता सफल वाणी करान छय
बडि बुड विभव भियि शुम्भु सुंज थदि थज भक्ती दिवान छय। पंपोश फुलवन्य.

॥ श्रीशिवाष्टोत्तरशतनामावलिः ॥

ओं शिवाय नमः।
महेश्वराय नमः।
शंभवे नमः।
पिनाकिने नमः।
शशिशेखराय नमः।
वामदेवाय नमः।
विरूपाक्षाय नमः।
कपर्दिने नमः।
नीललोहिताय नमः।

शंकराय नमः।
शूलपाणये नमः।
खट्वाङ्गिने नमः।
ओं कामारये नमः।
अंधकासुरसूदनाय नमः।
गङ्गाधराय नमः।
ललाटाक्षाय नमः।
कालकालाय नमः।
कृपानिधये नमः।

भीमाय नमः।
परशुहस्ताय नमः।
मृगपाणये नमः।
जटाधराय नमः।
कैलासवासिने नमः।
कवचिने नमः।
कठोराय नमः।
त्रिपुरांतकाय नमः।
वृषाङ्काय नमः।
ओं विष्णुवल्लभाय नमः।
शिपिविष्टाय नमः।
अम्बिकानाथाय नमः।
श्रीकंठाय नमः।
भक्तवत्सलाय नमः।
भवाय नमः।
शर्वाय नमः।
त्रिलोकेशाय नमः।
शितिकंठाय नमः।
शिवाप्रियाय नमः।
उग्राय नमः।
कपालिने नमः।
ओं वृषभारूढाय नमः।
भस्मोद्धूळितविग्रहाय नमः।
सामप्रियाय नमः।
स्वरमयाय नमः।
त्रयीमूर्तये नमः।
अनीश्वराय नमः।
सर्वज्ञाय नमः।
परमात्मने नमः।
सोमसूर्याग्निलोचनाय नमः।
हविषे नमः।
यज्ञमयाय नमः।
सोमाय नमः।
पञ्चवक्त्राय नमः।
सदाशिवाय नमः।
विश्वेश्वराय नमः।
ओं वीरभद्राय नमः।
गणनाथाय नमः।
प्रजापतये नमः।
हिरण्यरेतसे नमः।
दुर्धर्षाय नमः।
गिरीशाय नमः।
गिरिशाय नमः।
अनघाय नमः।
भुजङ्गभूषणाय नमः।
भर्गाय नमः।
गिरिधन्वने नमः।
गिरिप्रियाय नमः।
कृत्तिवाससे नमः।
पुरारातये नमः।
भगवते नमः।
ओं सात्त्विकाय नमः।
शुद्धविग्रहाय नमः।
शाश्वताय नमः।
खंडपरशवे नमः।
अजाय नमः।
पाशविमोचकाय नमः।
मृडाय नमः।
पशुपतये नमः।
देवाय नमः।
महादेवाय नमः।
अव्ययाय नमः।

हरये नमः।
ओं प्रमथाधिपाय नमः।
मृत्युञ्जयाय नमः।
सूक्ष्मतनवे नमः।
जगद्व्यापिने नमः।
जगद्गुरवे नमः।
व्योमकेशाय नमः।
महासेनजनकाय नमः।
चारुविक्रमाय नमः।
रुद्राय नमः।
भूतपतये नमः।
स्थाणवे नमः।
अहिर् बुध्न्याय नमः।
दिगम्बराय नमः।
अष्टमूर्तये नमः।
अनेकात्मने नमः।
ओं पूषदन्तभिदे नमः।
अव्यग्राय नमः।
दक्षाध्वरहराय नमः।
हराय नमः।
भगनेत्रभिदे नमः।
अव्यक्ताय नमः।
सहस्त्रक्षाय नमः।
सहस्रपदे नमः।
अपवर्गप्रदाय नमः।
अनन्ताय नमः।
तारकाय नमः।
परमेश्वराय नमः।

।। इति श्रीशिवाष्टोत्तरशतनामावलिः संपूर्णा।।

सौजन्य से : श्री आर. के. सपरू

कअशरिस मंज

उत्पलदेवुन संग्रहस्तोत्र

कश्मीरी अनुवादक
श्री दामोदर नेहरू

परिपूरण छुख चित-घन निर्गुण अमरेश्वर!
जय शंकर जय शंकर, जय शंकर भय हर ॥
सुख क्या छुम त दुख क्या छुम छोट वनहय् ईश्वर
तिय वुछतम् वार पाठीय छुक् पान करूणाकर।
सुख यि च्यय् सूत्य मिलचार छुम् दुख च्यय् निश छुमदूरचर
जय शंकर जय शंकर, जय शंकर भय हर॥1॥
छुम् योदवय् जाव्युल ति मंल तव द्रेण्टान छुक् न म्यय्

तत् फेष् दिम चोवापार्य छुक् च शरणन हुन्द् दय्।
नोन् बनिथ् भावुम् पनुन् रूप युस् निर्मल अनश्वर, जय0 ॥2॥
सोरुय् जगथ् चोनुय् रूप् च्यत-अमर्यत् अक्षय
तथ्य मंज थ्यत् प्राविथ् बय न्यथ पूजा करहय।
पत आस्यतन् ज्योन या मरुण नत आस्यतन मूक्ष-वर, ज0 ॥3॥
'छुस् व ईश्वर, रूपवान् छुस् पण्डिता छुस् सुन्दर,
जगतस् मंज शूभवुन युथ् छा म्य ह्यूयू कांह बराबर।
राग चानै जाग ह्यथ ब्यहय् रागी बनान् अमर, जय0 ॥4॥
त्यलि देवादिदेव! अज्ञान म्यति कास भास अद्वय
प्रथ जाञ मंज जाञरावतम् पननुय रूप अव्यय।
सन्मुख् पदिकमलन हंजि पूजायि हुन्द दिम वर, जय शंकर0 ॥5॥
युथजि पानय ध्यान धारहथ पाअन्य पानय बुछहथ,
पअन्य पानय नाल रटथ् बड यि पूजा कर न्यथ्।
चानि अनुभाव सर्वदा, सुय अनुग्रह वुन्य म्यति कर, जय शंकर0 ॥6॥
जगतस मंज कांह पदार्था चानि सत्तायि छु न ब्योन्
चाञ पूजा बोड़ उत्सव, यलि टोठान भक्त्यन्।
यिम छि दुनवय कथ शूभान तिमनय यिम गय पर्, ज.य शंकर0 ॥7॥
चानि पूजायि हन्दि अमर्यत..रस मस-खास्य भर्य भर्य
सर्वभावनायि हन्दय पूरिथ, सर्व-साक्षात् कर्य कर्य।
इन्द्रिय-मुखवय च्यय च्यय् मोत रोजहा निरन्तर, ज.य शंकर0 ॥8॥
यति जाञ मंज व्ययि केंहति छुन, यति चय छुक् हेरि.बुन्
स्वप्रकाश-पान वुलस्योमुत छुक् चअ पानय हन् हन्
तथ्य जगत्-आनन्द-नगरियि मंज करहय आर्चर, जय शंकर0 ॥9॥
दासभावाह च्यय म्य द्युतथम् परमेश्वर! पानय
दर्शनकुय छुम अभिलाष, छम न तय कांह आनय
तोति दिजिहेम पादिकमलन सीव करनुक अवसर, जय शंकर0 ॥10॥
शक्तिपात विजि जांह ति मा प्योख स्वरनी ही भगवन्!
अज क्याजि छुक खेलनावान म्यानि विजि अन्य कतरयन!
स्वप्रकाश पुशरावनस वेशि क्याजि छम यीच दर-दर, जय शंकर0 ॥11॥
भासवुन रूप जगतस मंज, वास करवुन मनि मंज
विषयन मंज पर-शक्ति रूप त्र्यन जगतन हंज संज

परिपूरण प्रकटयोमुत व्छहथ व मायायि पर, जय शंकर0॥12॥
चानि अनुग्रह यछि सूतिय क्वुछि खसहा बेरोक
महलखानस चानिस मंज, चअन्य मर्जी चीन जोक।
परम-आनन्द अमर्यत मस नच आनन्द निर्भर, जय शंकर0॥13॥
यमि युक्तियि सोरय भव भासान छुख चितरूप
स्पर्शमात्रय पर्जनावान, जाजरावान विश्वरूप।
तमि युक्तियि पूजान छिय चअन्य जन च्यय अन्दर् जय शंकर0॥14॥
थ्यथ् दिवान छुक जगतस यलि, भासान छुख चितरूप
लय करान छुक जगतस त्यलि आसान छुक सतरूप
ग्रायि मारान आनन्दघन, उपदान छु चराचर, जय शंकर0॥15॥
युस भखत्य चेन सोरुय जगत पानस मंज डेशान
अविकल्प-भाव पानस मंज पाजपानय छु तोषान।
परमानन्द-घन रूजिथ, कति तस यमसुन्द डर, जय शंकर0॥16॥
नीलकण्ठ! अखण्ड-अमर्यत हालाहल चुन छुम
चानि अनुग्रह च्यय सूत्य यलि चित् रूप आस समि-सोम।
नत योदवय अमर्यत मेलि, छुमन रोचान अख जर, जय शंकर0॥17॥
आरहति मुख नाल दिम चअन्य, मायि वखनय रूप चोन
राग चाने जाग ह्यथ न्यथ चित-आनन्द-घन म्योन।
यिछ यि पूजा टाठ वरिना करिना म्यति अमर,जय शंकर0॥18॥
चानि लीलायि परमेश्वर ह्यकि कुस गंजराविथ
परिपूरण रूप भाविथ क्याजि छुहम् मशराविथ।
चित-अमर्यत अथि लभिथ चनसय छम छांगर, जय शंकर0॥19॥
चय अपार चय निष्कल चय छुक चटान भेद-भूधर
न्यंगलावान सोर संसार पअन्य-पानस अन्दर।
अम्य आवेश पूज करहय—शंकर! शिव शंकर!
जय शंकर, जय शंकर, जय शंकर भय हर॥20॥

सद्गुरुवन्दनम्

—श्री जानकीनाथ कौल 'कमल'

नमः श्रीगुरुवर्याय भूर्भुवः स्वर्बिभर्तये।
स्वप्रकाशस्वरूपाय मोहग्रासैककर्मणे।। १।।

संसाररूप मोह को ग्रास करना ही जिसका कर्म है, जो परिपूर्ण ज्ञानमय होने से स्वप्रकाशस्वरूप है और जो विश्वरूप में भूः भुवः स्वः (त्रिलोकी) को और जीव रूप में जाग्रत, स्वप्न, सुषुप्ति (त्रि-अवस्था-रूप तीन वृत्तियों) को एकवृत्यात्मक तुर्य से धारण करता है, उस मोक्ष-स्वरूपता के अनुग्रह करने वाले गुरु महाराज को नमस्कार है।

विमर्शभावेऽपि स्थितोऽसि देव! विमुक्तरूपे सुविजृम्भितोऽसि।
अपार संसार सुशाद्वलेऽत्र विमर्शसत्स्पन्दसु शोभितोऽसि।।२।।

हे प्रकाशस्वरूप देव। आप विमर्शभाव में ही ठहरे हुए हैं वास्तव में विमुक्तरूप होते हुए आप जगद्रूपता में स्वाभाविक विकास पा रहे हो। संसार की इस विस्तृत तथा आकर्षक शाद्वल भूमि पर विमर्श के सत् -स्पन्द से शोभायमान हो।

शिवस्वभावो निजलाभतुष्टः शिवस्वरूपो निजधामनिष्ठः।
शिवप्रभावः शिवशाश्वतात्मा शिवोऽस्यहं त्वां शिव दृष्टिमीडे।।३।।

आप अपनी शिवता की सहजावस्था में आत्मलाभ के कारण सन्तुष्ट हो। आप अपने शिव-स्वरूप में स्वस्थ ठहरे हो। सनातन अद्वैत शिवता की इस विमर्शमय अनुग्रह-दृष्टि की मैं स्तुति करता हूँ।

गंभीरभावा गुरुमूर्तिरिषा अनन्यभक्त्या परितुष्टवृत्तिः ।
वचांसि वच्मि नम इत्युपास्त्या कृपाकटाक्षाय समाश्रितोऽस्मि।।४।।

भावना की गम्भीरता से घ्यान में स्थिर हुई गुरुमूर्ति को अनन्यभक्ति से आत्मलाभ के निष्ठापूर्वक परितोष में उपासना के व्यङ्ग से 'नमस्कार' यह वचन कहता हूँ कयोकि मैंने आपके कृपा-कटाक्ष के लिए ही आप का आश्रय लिया है।

स्वस्थोऽसि शान्तोऽसि सुलक्षणोऽसि संसारव्यामोह विवर्जितोऽसि।
भक्तैरुपास्योऽसि सुवत्सलोऽसि।।५।। शिवःपरेशोऽसि सुमङ्गलोसि।।

आप स्वरूप में स्थिर (स्वरूपनिष्ठ) हैं अतः शान्ति-सम्पन्न हैं। इसी शुभ सुन्दरतम लक्षण से सुशोभित होने के कारण आप संसार की व्याकुलता से सर्वथा रहित हो। भक्तजन आपकी पूजा वात्सल्य - भाव से करते है। आप मङ्गलमय परम शिव-स्वरूप हैं।

दूरी कृतानन्त विकल्पवार्ता उन्मीलितानन्तस्वतन्त्रदृष्टिः।
नाभावसिद्धिर्न च भावहानि-रस्मद्गुरौ तं शरणं प्रपद्ये।।६।।

जिन्होंने पूर्वजन्मों के अनगिनत द्वैत विकल्पों की वार्ता (निश्चल और दृढ़ योग-साधना

द्वारा) समाप्त (विलीन) कर दी है और अद्वैत शिव-स्वरूप में मग्न अपार दृष्टि को उन्मीलित किया है। इस प्रकार जिन हमारे गुरुदेव में न किसी अभाव की सिद्धि प्रकट होती है और न किसी भाव की हानि का ही अनुभव होता है उन (गुरु महाराज) की हम शरण लेते हैं।

दयार्द्रदृष्ट्या भवतो वदामि कृपाम्बुवृष्ट्या भवतः स्मरामि।
अपाङ्गहृष्टया भवतो भजामि त्वामेव शम्भुं शरणं व्रजामि॥७॥

दया से आर्द्र आपकी (अनुग्रह) दृष्टि के कारण ही मैं आपका वर्णन करता हूँ। कृपा से भरी हुई आपकी अमृतवर्षा के कारण ही मैं आपका स्मरण करता हूँ। आपके अनुग्रह - कटाक्ष से हर्षित होने के कारण ही मैं आपका भजन करता हूँ। अतः मैं आप कल्याणमय शिव-स्वरूप की शरण लेता हूँ (शिव-स्वरूप में विलीन होने के अभ्यास में तत्पर हूँ)।

वितरसि ज्ञानं स्वात्मस्वरूप विचरसि विश्वे व्याप्तस्वरूप।
विकिरसि दृष्टिं करुणारूप दलयसि भेदमनुग्रहरूप ॥८॥

हे स्वात्मस्वरूप। आप अभेद शिव चैतन्य के ज्ञान का वितरण करते हैं। हे व्यापकस्वरूप। आप इस चराचर विश्व में व्याप्त हैं। हे करुणारूप गुरुदेव। आप अपनी कटाक्ष-दृष्टि छितराते (बेरोक प्रदान करते) हैं। हे अनुग्रहरूप भगवन्! भेदभाव में आई हुई इस जीवभाव की अणुता का आप दलन करते हैं।

अलक्ष्यलिङ्गा हि विलक्षणेयं विजृम्भिता दैशिकदक्षदृष्टिः।
अलौकिकानां तु अलौकिकैषा विलास कारुण्य शिवात्मवृष्टिः॥९॥

गुरुराज की इस युक्तिपूर्ण अनुग्रहदृष्टि का कोई विशेष लिङ्ग (निशान, चिह) नहीं है क्योंकि यह अपने ही स्वातन्त्र्य की विलक्षणता में विकसित होती है। तभी तो यह सारी अलौकिक वस्तुओं में उत्कृष्ट अलौकिक हैं यह करुणा के विलास से अद्वैत शिवमयता का अमृत बरसाती है।

आचार्यवर्यो सुखबोधगर्भः समुल्लसत्स्वात्मविलासयुक्तः।
यो लक्ष्मणोऽनुग्रहदृष्टिदक्षः शिवं नुमस्तं नरविग्रहस्थम्॥१०॥

आचार्यों के भी आचार्य (हमारे गुरुदेव) 'शिवोऽहम्' भाव के सहज बोध (ज्ञान) से परिपूर्ण है। स्वात्मविकास की क्रीडा में सुप्रसन्न जो शुभलक्षणों से युक्त हैं और अनुग्रह-दृष्टि करने में कुशल हैं उसी नर शरीर में शोभायमान् शिव को हम नमस्कार के द्वारा अपने को समर्पित करते हैं।

कटाक्षकारुण्यतयार्द्रभावो विमर्शपूर्णोऽसि सदा स्वभावे।
विनाशिताशेषविकल्पवार्ता वृणोसि शिष्यान्निजधामशैवे॥११॥

कृपाकटाक्ष करने के लिए आप करुणा से आर्द्रभाव वाले हो और अपने दृढ़ स्वभाव में

विमर्शमय हो। अशेषरूप से विकल्पात्मक जगत् की भेदवृत्ति का नाश करके ही आप शिष्यों को अपने शिवधाम (पर-भैरव धाम) में प्रवेश कराने का अनुग्रह करते हो।

स्वातन्त्र्यशक्तिस्तव विस्फुरन्ती इच्छादिभिर्या शिवतां तनोति।
सुस्पन्द-सन्दोह-विमर्शरूढे-विकासवृत्त्या प्रतिबुध्यसे त्वम् ॥१२॥

शिवरुप आपकी स्वतन्त्रशक्ति इच्छा, ज्ञान और क्रिया में प्रकट होकर शिवमयता का विस्तार करती है। (इस प्रकार) 'अहं' और 'इदं' रूप स्पन्द समूह के विमर्श में शुद्धविद्या की विकास वृत्ति से आपका यथार्थ ज्ञान होता है।

प्रसन्नमुद्रा प्रभवत्प्रकाशं भजामि देवं गुरुलक्ष्मणीशम्।
नमामि भक्त्या स्वसुखे निमग्नं स्वभावसिद्धं परशक्तिरूपम्॥१३॥

प्रसन्नमुद्रा में प्रकाश के आगार देवतास्वरूप जो गुरु महाराज हैं उन ईश्वरस्वरूप लक्ष्मण का मैं भजन (सेवा) करता हूँ। अपनी शिवता के अनन्त सुख में मग्न (विमर्शघन) और स्वभाव से ही सिद्ध परशक्तिरूप गुरु-विग्रह को मैं नमस्कार करता हूँ।

स्वातन्त्र्यशक्त्या तव बोधसिद्धे भातोऽसि भक्तान् सुविमर्शरूपः।
स्वतन्त्र चिद्रूप परात्म तत्त्व बन्द्योऽसि वन्द्योऽसि सदा सुवन्द्यः॥१४॥

आप अपनी स्वतन्त्र शक्ति से ही भक्तों को स्वरूप ज्ञान की सिद्धि प्रदान करने के लिए स्वरूप-विमर्शमय भासते हो। हे स्वतन्त्र! हे चिद्रूप! हे परस्वरूप उत्कृष्ट तत्त्व। आप सबों के द्वारा वन्दना के योग्य हैं। आप को बार बार प्रणाम।

सौजन्य–
सन्त समागम शोध संस्थान्
374— पण्डोका कॉलोनी,
पलौरा, जम्मू - 181121

शैवाचार्य ईश्वर स्वरूप
स्वामी लक्ष्मण जुव
(1907-1991)

—पं० जानकीनाथ कौल 'कमल'

'कुलं पवित्रं जननी कृतार्था
वसुन्धरा पुण्यवती च तेन।
अपार संसारसमुद्रमध्ये
लीये परेब्रह्मनि यस्य चेतः।।'

'यथ बे अन्त संसारकिस समन्दरस मंज यमिस कांऽसि भखऽत्य सुन्द मन तस परब्रह्म परमशिवस मंज लीन गव सु यथ कुलस मन्ज ओस जामुत सु कुल गव पवित्र ति गव जि तथ कुलस मंज रोजि यऽचकाल ताम शिव भक्तियि हऽंज विभूति। यस सौभाग्यवती माजि सु जाव सोति गयि कृतार्थ माऽनिव जि शूभरावनऽ आयि; ब्ययि यथ दीशश मंज सु जाव तथ भूमि प्यठ रोजन यऽचकाल ताम लूख पुण्य करान, पनुन तऽ सारिनऽय हुन्द रुत करान। अमिसऽय छु शास्त्रव रुत सन्त तऽ महापुरुष वोनुमुत।'

यिथिय अऽक्य महापुरुषन ह्योत ज़न्म माजि कशीरि मंज वुहिमि सदी हऽन्दिस शुरूहस मंज। यि आऽस बऽड भाग्यवाऽनी दीशि खाऽतरऽ ति तऽ सारिय संसारऽ खाऽतरऽ ति, ति क्याजि यिमव द्युत फ्चुर स्यठा काल्किस दबेमतिस कशीरि मंज ब्रोंह काल प्यठ वोऽतलेमतिस अद्वैत शैव मतस। यिम आऽस्य साक्षात् शिव सुन्दुय अवतार—शैवाचार्य ईश्वरस्वरूप श्रीमान् स्वामी लक्ष्मण जुव। वलिव अज करव यिहंऽजय चर्चा तऽ गुण कीर्तना—

कुनवुहिमि सदी हंऽदिस पऽतिम्यन वरियन मंज ओस अख भाग्यवान पुरूष पंडित नारायणदास रैणा श्रीनगरस मंज फतेह कदलस नखय नम्चिबलऽ रोजान – स्यांद - सादअ, गाठुल तऽ गम्भीर। यिहंऽज भाऽर्या आऽस सौभाग्यवती तऽ अरिणिमाल ओसूस नाव। मिजाज किञ आऽस त्रोऽश अमा पोऽज मायमोहबतस ति वातिहेस नऽ कांह। दोशवय बाऽच आऽस्य भगवान संऽज भक्ति ति करान तऽ व्यवहार ति शोऽद करान। यिमन ओस कुल ब्राह्मुन। राम जुव ओसुस नाव। यि ओऽस शिव भखऽत्य तऽ मनकाक मोंग ओस अमिस गुरु। ब्राह्मनाऽज्य ति ओस करान त ईश्वर ति स्वरान। भगवान शिव सऽन्दि अनुग्रह किन्य लोऽग यि परमार्थ वति कुन ज्यादय तऽ व्यवहार गव पथ। यिथ पाऽठय वछिस छि दवुऽध चावनऽ विजि गाऽव निशि रजि लमिथ अलग करान तऽ टिकिलिस गंडान तिथय पाऽठ्य आव राम जुव शिव भक्तियि किन्य यूग अभ्यासस कुनुय गण्डनऽ। 'गले पादिकया नाथ नीयते सद्गुरुं प्रति'। अमिस प्यव एकान्त-वासुक (खलवक्त

नशीनी) हुन्द जरूरत। श्रद्धालु नारान जुवन दिच अमिस जाय। तिमन ओऽस पननि गरि निश हना दूर अख लोकुट मकानऽ सु द्युतुख अमिसऽय। वोन्य आऽस्य यिम बाऽच जऽ तऽ शुर्य राम जुवऽन्य सीवा करान। तऽ राम जुव ओस पनऽनिस ईश्वरस सऽत्य गथ करान।

समय आव तऽ लालऽसाऽबन ह्योत जन्म यिमन भक्तिमानन निश। यि दोह ओस वहिकऽघटऽपछ बाह (यानि मई ९, १९०७)। द्युऽस तऽ देवार प्रजलेयि। सिरियि भगवानन कोऽर असवऽनि मोऽख उदय। स्वामी राम जुवस सूजऽख रऽच शेछ जि सोन्दर बालुक जाव। दपान छि जि युथुय तिमव यि बूज त्युथुय वऽथ्य थोऽद तऽ ह्योतुख नचुन यि वनान जि 'ब छुस राम तऽयि गव लऽक्षमण'। 'रामोऽस्म्यहं लक्ष्मण एष जातः इत्येव गायन् सहसा ननर्त'। अमिस सोन्दर बालकस कुरुख 'लक्ष्मण' नाव तऽ लालऽ साऽब आऽसस माऽज्य टाटि नावऽवखनान। लालऽसाऽब आव बडि प्रेयम तऽ मायि, दोऽध तऽ मलायि सऽतिय रछनऽ। यि ओस ज्यादतर न्यन्दरि मंजय रोजान मतलब जि अन्तरमोखुय ओस आसान। स्वामी रामजुवस निश ति आऽसिस कुनि कुनि निवान तऽ तिहुन्द आऽशीरवाद रटान।

लालऽसाऽब ओस त्रयिमिस वरियस मंज तऽ अकि दोह वोथ सुलिय न्यन्दरि तऽ लोऽग ओरऽ योर नचनि फेरनि गरस मंज। अचानकनऽय वुछुन पनुन बोऽड बोय महेश्वरनाथ रैना अकिस कुठिस मंज चाटऽकोऽट कऽरिथ बिहिथ। अऽछय आसन वटिथ थविमऽच तऽ नस्ति ओस दोयव ओंगऽजव सऽत्य थप करिथ। यि गव हाऽरतस तॅ गोस नजदीख। तऽम्य यलि अऽछ्य मुचॅरावि तॅ लालॅ साऽबन पृछुनस–

'बाऽय साऽब। तोह्य क्याह छिवॅ अऽछय वटिथ तॅ नस रटिथ करान?'

तिमव कऽऽर छुपय तॅ वोनहस नॅ केंह।

लालॅ साऽबन वोनॅनस ब्ययि तॅ ब्ययि।' तोंह्य क्याजि छिवॅ नॅ म्य वनान ? वनिव माहरा क्याह छिव करान?' बाऽय साऽबस लोग नॅ चारॅ केंह ति तॅ वोनहस–'बॅह स छूसन सु परमात्मा वुछुन यछान तवय छुस तमिसुन्द ध्यान करान।'

लालॅ साऽबन वोननस वापस – 'म्य हावख ना?' तिमव वोनहस – 'ब्यह पथर, अऽछ्य कर बन्द तॅ नस्ति कर थप।'

यि वनान वनानॅय गव लालॅ साऽब मगन तॅ छुनॅ कॅतिस कालस ताम वुथानय।

बाऽय साऽबस लऽज्य फिफिर तॅ तंम्य कोरनस आलव। इसॅरार करिथ पृछुनस चॅ क्याह ओसुख करान।

लालॅ साऽबन द्युतनस जल जवाब–'बॅ माहरा ओससन बडि-बोऽज वुछान।'

अवॅ पत ओस लालॅ साऽब विजि विजि अऽछय वटिथ बिहान तॅ मगन गछान। मंजॅ मंजॅ

ओस ज्यादय बेह्यसी मंज रोजान। माऽलिस माजि लॅज्य फिकिर। तिम गयि पीरन तॅ फकीरन। केंह ति वुछिख नॅ अमिस फरख गछान। अकि दोह गयि दोशवय बाऽच लाल साऽब ह्यथ स्वामी राम जुवस निश त वोनहस–

'महाराज। यि बालुक छु अऽछय वटिथ तॅ छुवप करिथॅय कतिस कालस रोजान। मंजॅ छस जन तॅ लार्रॅनि गछान। अमिस कर्यतव पाटहन त गछिहे ठीक।'

स्वामी रामजुवन कॅर अमिस बालकस नजराह तॅ वोनॅनख–'गछिव, मॅ अन्यूस सेथ। यि अमिस छु गोमुत ति गॅछ्यतन म्य। कलस प्यठ गछ्यस थनि रचिहेना थवॅन्य। बस।'

अवॅ पतॅ हेछिनोव रामजुवन यि बालुक (लक्ष्मणजुव) सन्ध्या तॅ सन्ध्योपासना ब्यियि महागायत्री जप करुन।

केंह वरीय गय। अकि दोह गव लक्ष्मण जूव स्वामी रामॅ जूवस निश। स्वामी जियन बुलाव पनुन ज्युठ शिष्य महताब काक पानस निश तॅ वोनॅनस– 'महताब काक । यि शरीर रोजि नॅ वोऽन्य ज्यादॅकालस। यि शि वुहुर बालुक लक्ष्मण जूव छुय हवाल। अमिस छुय नॅ केंह करुन। यलि यि शुराह वुहुर वाति त्यलि गछि अमिस यि वोपदीश वनुन। यि छु पपिथ ओरय।' रेत्य खण्डिय गयि स्वामी राम जी फागन घटपछ चोऽदुश क्युत (१९१४ई०) शिव-समाधि मंज लीन। लक्ष्मण जुव रूद्य स्वामी महताब काकस निश ग्वर-भावनायि किञ गछान। यपाऽर्य ओस स्कूल ति गछान। अऽमिस आऽस विद्या ओरय वुजान। जमाऽच जमाऽच खसान वोत यि नविमि जमाऽच। किताब दजि सऽत्य ओस आसन-पठ ति सऽत्य थवान। कलासस मन्ज ओस कुनि कुनि अलग कुन आसनस प्यठ बिहिथ ध्यान-मग्न सपदान। परनावन वाऽलिस अध्यापक जियस ति गयि अमिच खबर। तिमव कोऽरुस नॅ केंह ति खेञ्चल। बाकय बचन ति वोनुख सावधाऽनी वर्तावुन्य।

लक्ष्मण जुव वोत शुराह वुहुर तॅ स्वामी महताब काकनि वुपदीशुक वोत समय। अव पतय लोऽग यि परमार्थ अभ्यासस कुनुय त न ह्यचन नौकरी मटि न नेथरऽय। सिरिफ दुपुन माऽलिस 'म्य दियिव घरि न्यबर अलग कमरहना बनाऽविथ तॅ बॅ रोऽजॅ तऽत्य। घरि आसॅ बतय योत ख्यवान'।

